दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 248
कोटद्वार बुधवार
11 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## राहुल गांधी का बयान भारत तोडने वाला : रामदेव

**हरिद्वार (एजेंसी)।** योगगुरु रामदेव ने राहुल गांधी के पुजारियों को लेकर दिए गए बयान को भारत तोडने वाला बयान बताया। मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता में योगगुरु ने कहा कि राहुल गांधी मेहनत कर अपनी राजनीतिक जमीन हासिल करने को परिश्रम कर रहे हैं, ऐसे बयानों से उनकी छवि धूमिल होती है। योगगुरु रामदेव ने कहा कि राहुलगांधी भारत जोडने की बात कर रहे हैं लेकिन ऐसे बयान से भारत तोडने की बात शुरू हो जाती है। ऐसे बयान किसी को भी नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत पुजारियों, तपस्वियों, ब्राह्मणों, क्षत्रियों, अगड़ों-पिछड़ों सबका देश है। ऐसा बयान नहीं देना चाहिए जिससे समाज में भेदभाव ऊंच-नीच की दीवार खड़ी हो। हमने इस दीवार को गिराने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि किसी भी वर्ग को टारगेट करके कोई बात कहना अशोभनीय है।

आरएसएस को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कानूनी नोटिस भेजा गया है। नोटिस में राहुल गांधी को बयान पर देशवासियों से माफी न मांगने पर मुकदमा दायर करने की चेतावनी दी गई है। मंगलवार को अखिल क्षत्रिय महासभा के महामंत्री कमल भदौरिया, आरएसएस कार्यकर्ता मनोज गुप्ता व वकील अरुण भदौरिया ने भेजे गए नोटिस में राहुल गांधी पर देशवासियों की भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है।

## तेज रफ्तार ट्रक के साथ टक्कर में एक ही परिवार के आठ लोगों की दर्दनाक मौत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के कटिहार जिले में ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। मृतक खेरिया गांव के रहने वाले थे और बीती रात हादसे के दौरान कटिहार रेलवे स्टेशन जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इलाके में विजिबिलिटी कम थी। इस दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में ट्रक आया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। खोरा थाने के एसएचओ रूपक रंजन सिंह ने कहा कि पीडिघ्तों की मौके पर ही मौत हो गई। सिंह ने कहा, हमने शवों को बरामद कर लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिवार के अन्य सदस्यों को दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मरने वाले आठ लोगों में दो बच्चे हैं।

## एकनाथ शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे : सुप्रीम कोर्ट 14 फरवरी को मामले की करेगी सुनवाई

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को महाराष्ट्र में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के बगावत से उपजे मामले की सुनवाई 14 फरवरी को निर्धारित की है। ठाकरे गुट का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ से कहा कि मामला अत्यावश्यक है, क्योंकि चुनाव आयोग पार्टी और चुनाव चिन्ह पर नियंत्रण के मुद्दे पर कार्यवाही कर रहा है।

सिब्बल ने तर्क दिया कि अदालत को मुख्य रूप से इस मुद्दे पर फैसला करना है कि क्या नबाम राबिया मामले के 2016 के पांच-न्यायाधीशों के फैसले को सात-न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाना चाहिए। राबिया मामले के निर्णय ने स्पीकर की शक्ति को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है, अगर उन्हें हटाने की मांग का प्रस्ताव लंबित है।

# उत्तराखंड में महिलाओं को मिला क्षैतिज आरक्षण का कानूनी अधिकार

## राज्यपाल ने विधेयक को दी मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का कानूनी अधिकार मिल गया है। आरक्षण का लाभ उन सभी महिलाओं को मिलेगा, जिनका उत्तराखंड राज्य का अधिवास (डोमिसाइल) है। बेशक वे राज्य से बाहर किसी भी स्थान पर निवास कर रही हों।

राज्यपाल ले. ज. गुरमीत सिंह (सेनि.) ने मंगलवार को उत्तराखंड लोक सेवा (महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण) विधेयक 2022 को मंजूरी दे दी। राजभवन से विधेयक को विधायी विभाग भेज दिया गया है, जिसका गजट नोटिफिकेशन जल्द जारी हो जाएगा।

प्रदेश सरकार ने 30 नवंबर 2022 को विधानसभा में बिल को सर्वसम्मति से पारित कराकर राजभवन भेजा था। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में 14 विधेयक पारित हुए थे। अधिकतर संशोधित विधेयक थे, इनमें महिला आरक्षण बिल भी शामिल था। विधेयक की मंजूरी का बेताबी से इंतजार हो रहा था। दरअसल, राजभवन से ज्यादातर विधेयकों को मंजूरी मिल गई थी, लेकिन महिला क्षैतिज आरक्षण बिल विचाराधीन रहा। राजभवन ने विधेयक को मंजूरी देने से पहले इसका न्याय और विधि विशेषज्ञों से परीक्षण कराया। इससे विधेयक को मंजूरी

महिला क्षैतिज आरक्षण विधेयक को राज्यपाल की मंजूरी मिल गई है। विधायी विभाग को विधेयक प्राप्त हो गया है। राज्यपाल की मंजूरी के साथ ही यह अधिनियम बन गया है।
**महेश कौशिबा, अपर सचिव, विधायी**



### 12 विधेयकों को मिली मंजूरी, दो शेष

राजभवन को 14 विधेयक मंजूरी के लिए भेजे गए थे। इनमें से महिला आरक्षण समेत 12 को मंजूरी मिल गई है। जबकि भारतीय स्टांप उत्तराखंड संशोधन विधेयक और हरिद्वार विश्वविद्यालय विधेयक को राजभवन से अभी मंजूरी नहीं मिली है। मैं राज्यपाल का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। यह कानून निश्चित तौर पर मातृशक्ति के सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्य के विकास में अतुलनीय योगदान देने वाली नारी शक्ति के उत्थान के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। **– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

### महिला क्षैतिज आरक्षण को लेकर कब क्या हुआ

18 जुलाई 2001 को अंतरिम सरकार ने 20 प्रतिशत आरक्षण का शासनादेश जारी किया। ० 24 जुलाई 2006 को तत्कालीन तिवारी सरकार ने इसे 20 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया। ० 26 अगस्त 2022 को हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आरक्षण के शासनादेश पर रोक लगाई। ० 04 नवंबर 2022 को सरकार की एसएलपी पर सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी । ० 29 नवंबर 2022 को सरकार ने विधानसभा के सदन में विधेयक पेश किया। ० 30 नवंबर 2022 को सरकार ने विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कराकर राजभवन भेजा। ०10 जनवरी 2022 को राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी दे दी।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश रोका, आरक्षण बरकरार रहा

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सरकार की विशेष अनुग्रह याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। इस तरह आरक्षण बरकरार रहा। सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में सात फरवरी को सुनवाई होनी है।

### हाईकोर्ट ने महिला आरक्षण पर लगा दी थी रोक

हाईकोर्ट ने राज्य लोक सेवा आयोग की उत्तराखंड सम्मिलित प्रवर सेवा के पदों के लिए आयोजित परीक्षा में उत्तराखंड मूल की महिला अभ्यर्थियों के 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण वाले शासनादेशों पर रोक लगा दी थी। हरियाणा की पवित्रा चौहान व अन्य अभ्यर्थियों ने यह याचिका दायर की थी।

# जोशीमठ मामले में सुको का तत्काल सुनवाई से इन्कार

## कहा- ऐसे मामलों के लिए चुनी हुई सरकार भी है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित जोशीमठ में भूधंसाव मामले में तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। अदालत ने सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है। बता दें कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से दायर याचिका में जोशीमठ के संकट को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गई है। इसके लिए अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग भी हुई है।मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने एक टिप्पणी भी की है। कोर्ट ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण चीजों को शीर्ष अदालत में आने की जरूरत नहीं है। इसे देखने के लिए लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई संस्थाएं हैं। जोशीमठ में भूधंसाव के कारण दो होटल और कई मकानों पर चिह्न लगाकर उन्हें प्रतिबंधित किया गया था। प्रशासन द्वारा इन प्रतिबंधित मकानों और होटल को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। होटल मलारी इन और माउंट व्यू को जेसीबी से गिराया जा रहा है। इसकी जिम्मेदारी केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरआफ) और लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) को दी गई है। जोशीमठ के सिंहधार वार्ड में स्थित होटल मलारी इन और माउंट व्यू के भवन एक-दूसरे के ऊपर झुक गए हैं। इन होटलों में दिसंबर से ही दरारें पड़ना शुरू हो गई थी। दिसंबर के आखिरी हफ्ते में होटल को बंद करने का निर्देश दिया गया था।

एसडीआरएफ के कमांडेंट मणिकांत मिश्रा ने बताया कि होटलों को चरणबद्ध तरीके से गिराया जाएगा। ये होटल टेड़े हो गए हैं और इन्हें तोड़ना जरूरी है, क्योंकि इसके नीचे भी कई घर और होटल हैं। अगर ये ज्यादा धंसेगा तो कभी भी गिर सकता है। वहीं, मलारी इन होटल के मालिक ठाकुर सिंह राणा ने प्रशासन पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे केंद्र और राज्य सरकार से बहुत तकलीफ है। ये होटल जनहित में तोड़ा जा रहा है, कोई बात नहीं मैं प्रशासन के साथ हूं। बस मुझे नोटिस देना चाहिए और मेरा आर्थिक मूल्यांकन कर देना चाहिए, मैं यहां से चला जाऊंगा। मेरा आग्रह है आर्थिक मूल्यांकन किया जाए।

### भू-धंसाव के चलते रद्द हो सकते हैं नेशनल विंटर गेम्स , दो फरवरी से औली में होना था आयोजन

**देहरादून।** जोशीमठ में हो रहे भू-धंसाव से अगले महीने औली में प्रस्तावित विंटर गेम्स टल सकते हैं। पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे का कहना है विभाग की एक टीम को जोशीमठ भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद शीतकालीन खेलों पर निर्णय लिया जाएगा। माना जाता है कि हालात देखते हुए इस साल औली में विंटर गेम्स नहीं हो पाएंगे। औली में अगले महीने से प्रस्तावित खेलों के लिए पर्यटन और स्कीइंग फेडरेशन की ओर से तैयारी की जा रही है। दो से सात फरवरी तक नेशनल स्कीइंग गेम प्रस्तावित हैं। जबकि सात से नौ फरवरी तक इंटरनेशनल स्कीइंग गेम होने हैं।जोशीमठ में भू-धंसाव और भूस्खलन को देखते हुए खेलों के आयोजन को लेकर संशय बना है। औली के लिए रोपवे भी बंद हो चुका है। हालांकि विभागीय सचिव सचिन कुर्वे का कहना है कि अभी खेलों के आयोजन की तैयारी जारी है। जोशीमठ आपदा को देखते हुए विभाग की एक टीम जोशीमठ गई है।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव के कैडर के आवंटन पर कैट के आदेश को किया रद्द

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण , हैदराबाद के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और राज्य के मुख्य सचिव सोमेश कुमार को आंध्र प्रदेश कैडर के आवंटन पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य सचिव सोमेश कुमार को तेलंगाना में पद पर बने रहने की अनुमति देने वाले कैट के आदेश को केंद्र सरकार द्वारा चुनौती दिए जाने के बाद उच्च न्यायालय ने जुलाई 2022 में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अविभाजित आंध्र प्रदेश को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अलग-अलग राज्यों में विभाजित करने के बाद, केंद्र सरकार ने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को फिर से आवंटित किया था।कुमार को प्रत्यूष सिन्हा समिति द्वारा आंध्र प्रदेश कैडर आवंटित किया गया था, जिसने 2014 में दोनों राज्यों के बीच नौकरशाहों के विभाजन की देखरेख की थी, जब संयुक्त आंध्र प्रदेश का विभाजन हुआ था। हालांकि, कुमार ने कैट में उसी को चुनौती दी थी, जिसने आवंटन आदेश को रद्द कर दिया था और उन्हें तेलंगाना में बने रहने की अनुमति दी थी।कैडर आवंटन पर केंद्र के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने बाद में दो तेलुगु भाषी राज्यों के बीच अखिल भारतीय सेवाओं (एआईएस) के अधिकारियों के विभाजन के लिए बनाए गए दिशानिर्देशों को रद्द करने वाले कैट के आदेश को चुनौती दी।

## कर्नाटक में निर्माणाधीन मेट्रो पिलर गिरा, महिला और बेटी की मौत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। यहां के आउटर रिंग रोड में निर्माणाधीन मेट्रो का पिलर गिरने एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई।बताया जाता है कि बेंगलुरु के नागवारा इलाके के पास मंगलवार सुबह एक निर्माणाधीन मेट्रो खंभा गिर गया। इससे क्षेत्र में यातायात प्रभावित हुआ। लोग गिरे हुए खंभे को हटाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि यातायात सुगम हो सके।मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, महिला और उसकी बेटी दोनों बाइक पर सवार थे। इसी दौरान आउटर रिंग रोड पर पिलर उनके ऊपर गिर गया, जिससे दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल की ओर दमकल और आपातकालीन कर्मियों को रवाना कर दिया गया।

# अब साल में दो बार होगी अग्निवीरों की भर्ती

## अगस्त में पहला बैच यूनिटों में हो जाएगा तैनात




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेना की नई भर्ती योजना अग्निपथ के तहत नियुक्त हुए 19000 अग्निवीरों का पहला बैच प्रशिक्षण के बाद इस साल अगस्त महीने में अपनी-अपनी यूनिटों में मोर्चा संभालने के लिए तैनात हो जाएगा। जबकि 21000 अग्निवीरों के दूसरे बैच की ट्रेनिंग सेना इस साल एक मार्च से शुरू कर देगी और यह दूसरा बैच इसी साल अक्टूबर में अपनी यूनिट में तैनात हो जाएगा। सेना ने यह भी तय किया है कि 2023 से अब साल में दो बार मई और नवंबर महीने में अग्निवीरों की भर्ती होगी।

अग्निवीरों के पहले बैच की सेना के अलग-अलग यूनिटों में प्रशिक्षण इस वर्ष पहली जनवरी से शुरू हो गई है और सेना ने इनकी ट्रेनिंग के लिए संबंधित ट्रेनिंग यूनिटों में इसके लिए विशेष प्रशिक्षण कोर्स डिजाइन किया है। अग्निवीरों का प्रशिक्षण काल 24 से लेकर 31 हफ्ते का है जो पूर्व में जवानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के मुकाबले अपेक्षात छोटा जरूर है मगर कोर्स को इस सघन तरीके से डिजाइन किया गया है कि इनकी सैन्य दक्षता में किसी तरह की कमी न रह जाए।

इस ट्रेनिंग के बाद अग्निवीर जिस यूनिट में तैनात किए जाएंगे वहां भी उनके काम के अनुरूप सात हफ्ते की आन जब ट्रेनिंग दी जाएगी। सेना के अनुसार वर्ष 2022 के लिए 40000 अग्निवीरों की भर्ती के लिए देश भर में 96 भर्ती रैलियां हुईं और 19000 अग्निवीरों के पहले बैच की ट्रेनिंग बेहद उत्साहजनक माहौल में शुरू हो गई है।

21000 अग्निवीरों के दूसरे बैच की ट्रेनिंग एक मार्च से शुरू होगी जिसमें 100 महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी शामिल है। महिला अग्निवीरों का पहला बैच भी अक्टूबर में अपनी यूनिट में डियूटी संभाल लेगा।

सेना को उम्मीद है कि अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया का सिलसिला शुरू होने के बाद अगले कुछ सालों के दौरान भारतीय सेना में सैनिकों की औसत उम्र मौजूदा 32 साल से घटकर 26 साल हो जाएगी। सेना में अग्निवीरों की भर्ती केवल चार साल के लिए ही है और हर साल भर्ती होने वाले अग्निवीरों में से चार साल बाद जरूरी मानकों पर खरे उतरने वाले केवल 15 फीसद को ही सेना में बतौर जवान के रूप में स्थायी नियुक्ति मिलेगी।

# गन्ने की हाई वैरायटी के उत्पादन पर फोकस किया जाए : सीएम

## चीनी मिले आय संसाधन बढ़ाने एवं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में गन्ना विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि चीनी मिलों की आय बढ़ाने की दिशा में प्रयास किये जाएं। गन्ना किसानों का भुगतान समय पर हो जाए, यह भी सुनिश्चित किया जाए। जो चीनी मिलें लगातार घाटे में चल रही हैं, इनके कारणों का विश्लेषण किया जाए।

गन्ने की हाई वैरायटी के उत्पादन पर अधिक फोकस किया जाए। चीनी मिलें अपनी आय के संसाधन बढ़ाने एवं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का प्रयास करें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की दिशा में ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। प्राथमिकता के आधार पर बॉयलर एवं टरबाइन परिवर्तन के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रस्ताव दिये जाएं। चीनी मिलों की आर्थिकी में सुधार लाने के लिए मोलासिस आधारित इथेनॉल प्लांट की दिशा में भी ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि चीनी मिलों के आधुनिकीकरण की ओर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। गन्ना विकास कार्ययोजना के तहत अधिक परते वाली गन्ने की प्रजाति पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को समय पर भुगतान हो, इसके लिए अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा कि 2022-23 हेतु पेराई सत्र नवम्बर 2022 से शुरू हो चुका है। मिलों में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष पेराई क्षमता, चीनी परता एवं चीनी उत्पादन में वृद्धि हुई है। प्रदेश में 2021-22 के सहकारी, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की सभी मिलों का गन्ना भुगतान पूर्ण किया जा चुका है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, आनन्द बर्द्धन, सचिव विजय कुमार यादव, एसएन पाण्डेय, अपर सचिव उदयराज, अरूणेन्द्र चौहान एवं सबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में गन्ना विभाग की समीक्षा करते हुए।

## सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे किसान हित की लड़ाई : हरीश रावत

रुड़की। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि किसान हित की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि इकबालपुर शुगर मिल प्रबंधन को किसानों का गन्ना भुगतान हर कीमत पर देना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री इकबालपुर शुगर मिल प्रांगण में कांग्रेस और किसानों के धरना प्रदर्शन में में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसानों का इकबालपुर मिल पर लगभग 125 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान बकाया है। किसानों के साथ बार-बार मिल प्रबंधन झूठे वादे कर रहा है।

शुगर मिल हर बार चीनी बेचकर किसानों का गन्ना भुगतान करने की बात कहता है लेकिन भुगतान नहीं किया जा रहा। कहा कि पूर्व में भी उन्होंने किसान हित में गन्ना यात्रा निकाली थी। इस बार पैदल गन्ना यात्रा निकाली जाएगी।

# बूस्टर डोज के तौर पर कोवोवैक्सीन को अनुमति देने की तैयारी में सरकार

## 11 जनवरी को हो सकता है निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण के विशेषज्ञों का दल बुधवार को सीरम इंस्टीट्यूट अफ इंडिया की वैक्सीन कोवोवेक्स को वयस्कों के लिए विषम बूस्टर खुराक के तौर पर अनुमति प्रदान कर सकता है।

अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, इसे वे वयस्क लगवा सकते हैं, जिन्होंने कोविशील्ड या कोवैक्सीन के दो डोज लिए हैं। विभिन्न देशों में कोविड के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए ऐसा फैसला लिया जा सकता है।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक 11 जनवरी को होने वाली है। सीरम इंस्टीट्यूट अफ इंडिया (ै्प्) में सरकार और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने



दुनिया भर में कोविड के बढ़ते मामलों को लेकर हाल ही में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल अफ इंडिया को एक पत्र लिखा था, जिसमें कोवोवैक्स को वयस्कों के लिए विषम बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी देने की मांग की गई थी।डीसीजीआई ने 28 दिसंबर 2021 को आपातकालीन स्थिति में 9 मार्च 2022 को 12-17 आयु वर्ग के लोगों के लिए और 28 जून, 2022 को 7-11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए कोवोवैक्स के सीमित उपयोग को कुछ शर्तों के साथ मंजूरी दी थी। कोवोवैक्स का निर्माण एसआईआई ने नोवावैक्स की तकनीक का इस्तेमाल करते हुए किया है।

# जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें : सांसद



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लेते हुए केन्द्र पोषित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को मिलकर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन करने को कहा। जिले में केन्द्र पोषित योजनाओं की अच्छी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही समाज कल्याण अधिकारी को रोस्टर के हिसाब से ब्लॉकवार अधिकारी बैठाने के निर्देश दिए।

सांसद तीरथ सिंह रावत ने केन्द्र पोषित योजनाओं के तहत मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास, पीएमजीएसवाई, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, वैकल्पिक ऊर्जा आदि योजनाओं की विस्तार से प्रगति समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने सांसद को जिले में संचालित केन्द्र पोषित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एनआरएलएम में वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य 1600 के सापेक्ष 1217 एसएचजी का गठित किए गए हैं। जल जीवन मिशन में वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक 23495 जल संयोजन कर दिए गए है। जिले में पीएम आवास ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 व 2021-22 में कुल लक्ष्य 1378 के सापेक्ष 1332 आवास पूर्ण हैं। पीएम आवास शहरी में दिसम्बर 2022 तक लक्ष्य 1491 आवासों मे से 1071 पूर्ण तथा 372 निमार्णाधीन हैं।

## साहिया इंटर कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे

विकासनगर। अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया में आठ साल बाद एक बार फिर से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। माना जा रहा है कि इसके साथ ही अब विद्यालय में अवकाश के बाद असामाजिक तत्व भी नहीं घुस पाएंगे। साहिया इंटर कॉलेज में वर्ष 2015 में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिन्हें कुछ समय बाद ही उतार कर अलमारी में बंद कर दिया था। कई कैमरे खराब भी हो गए थे। करीब चार साल पूर्व बोर्ड परीक्षा के दौरान देर रात को एक व्यक्ति विद्यालय परिसर में घुस गया था, जिसने प्रश्न पत्र वाले कक्ष का ताला तोड़ने की कोशिश भी की थी।

इसके साथ ही विद्यालय का अवकाश होने के बाद असामाजिक तत्व भी विद्यालय में घुस जाते हैं। जिससे विद्यालय की संपत्तियों को नुकसान होता है। छात्र–छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना रहता है।

# मुख्य सचिव ने ली जोशीमठ भू—धंसाव के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में जोशीमठ भू–धंसाव के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी चमोली से क्षेत्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिलाधिकारी चमोली को स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि प्रभावित क्षेत्र को पूर्ण रूप से खाली करवाया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि भूस्खलन से किसी प्रकार का जानमाल का नुकसान न हो इसके लिए सबसे पहले परिवारों को शिफ्ट किया जाए और उस बिल्डिंग को प्राथमिकता के आधार पर ध्वस्त किए जाए जो अधिक खतरनाक साबित हो सकती है। जिन स्थानों पर प्रभावित परिवारों को रखा गया है, उन स्थानों पर उनके रहने खाने की उचित व्यवस्था हो। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाए कि प्रभावित नागरिकों एवं शासन प्रशासन के मध्य किसी प्रकार का कम्युनिकेशन गैप न हो।उच्चाधिकारी भी लगातार प्रभावित परिवारों के संपर्क रहें, और परिस्थितियों पर नजर बनाए रखें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भू–धंसाव के कारण मोबाइल नेटवर्क भी प्रभावित हो सकता है। मोबाइल टावर अन्यत्र सुरक्षित स्थान में शिफ्ट कर अथवा नए टावर लगा कर संचार व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को साथ लेकर एक असेसमेंट कमेटी बनाई जाए। प्रतिदिन पूरे क्षेत्र में टीम भेज कर निरीक्षण करवाया जाए कि पिछले 24 घंटे में क्षेत्र में किस प्रकार का और कितना परिवर्तन हुआ हुआ है, जो भवन अधिक प्रभावित हैं उन्हें प्राथमिकता पर ध्वस्त किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि जोशीमठ के स्थिर क्षेत्र के लिए ड्रेनेज और सीवेज प्लान पर भी काम शुरू किया जाए। भवनों को ध्वस्त करने में विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए ताकि ध्वस्तीकरण में कोई अन्य हानि न हो। साथ ही, कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव मोड पर रखा जाए, और आमजन को किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में संपर्क करने हेतु प्रचार प्रसार किया जाए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोशीमठ से सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश कुमार झा, अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. रंजीत सिन्हा एवं बृजेश कुमार संत सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार एवं जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# देशभर में सांप्रदायिक एकता बनाए रखने के लिए कांग्रेस ही एक विकल्प: रावत



विकासनगर। कांग्रेस के जिला प्रभारी ने कहा कि देश भर में सांप्रदायिक एकता के लिए सिर्फ कांग्रेस ही एक विकल्प है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों ने देश को एकता के सूत्र में बांधे रखा, लेकिन जब से सांप्रदायिक ताकतें देश में हावी हुई हैं, तब से विघटनकारी नीतियां लागू की जा रही हैं।

कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों की जानकारी देने के लिए मंगलवार को तिलक भवन में जिला कार्यकारिणी के नेता एकत्र हुए। मीडिया से वार्ता करते हुए जिला प्रभारी अतुल रावत ने कहा कि 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा शुरू की जाएगी। यात्रा का मकसद देश में सांप्रदायिक एकता को बनाए रखना है। कहा कि सभी संप्रदायों को साथ लेकर देश का विकास करने के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है।

भारत की पहचान विश्व में अनेकता में एकता को बनाए रखने वाले राष्ट्र की है। लेकिन कुछ समय से भारत की इस छवि को धूमिल किया जा रहा है।आरोप लगाया कि सांप्रदायिक ताकतें संप्रदायों के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही हैं, जिससे देश भर में असहिष्णुता का माहौल पैदा हो गया है।

## विस्थापन की मांग पर सुनवाई न होने से ग्रामीणों में रोष

नई टिहरी : बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों का विस्थापन की मांग को लेकर 28 वें दिन भी धरना जारी है। ग्रामीणों की मांग पर कोई सुनवाई न होने के कारण ग्रामीणों में शासन–प्रशासन के प्रति रोष बना है। ग्राम प्रधान सुशीला चौहान ने कहा कि ग्रामीण विस्थापन की मांग को लेकर बीते कई दिनों से धरने पर बैठे लेकिन उनकी मांग पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नही हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द उनकी मांग पर कोई उचित समाधान नही होता है, तो ग्रामीणों को उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा। उन्होंने शीघ्र की ग्रामीणों की समस्या उचित समाधान करने की मांग की है। धरने पर बैठने वालों में जय सिंह, महावीर चौहान, भरत सिंह नेगी, भवानी देवी, रुक्मा देवी, कमला देवी, उर्मिला देवी, डीएन नौटियाल, रुक्मणी देवी, लख्मी देवी, सीता देवी, चंद्रा देवी, रघुवीर सिंह आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# जवाहर नवोदय विद्यालय में शेल्टर, बैठक कक्ष और लैब का होगा निर्माण



जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने प्रबंधन समिति की मांग पर विद्यालय परिसर में बरसात से बचाव हेतु शेल्टर का निर्माण करने सहित अभिभावक बैठक कक्ष व भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला अटल टिंकरिंग लैब का आंगणन तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने सहित पोषित आहार, खेल, प्रतियोगी परीक्षा व अन्य गतिविधियों हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं की संख्या, विषयवार संचालित हो रही कक्षाओं, बीते वर्षों के परीक्षा परिणाम आदि की समीक्षा की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में संचालित हो रही अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित अभिभावक सदस्यों से सुझाव भी मांगे, जिस पर अभिभावक संघ सदस्यों ने जिलाधिकारी को बताया कि बरसात के मौसम में बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में टिन शेड बनाया जाना आवश्यक है। इसके लिए जिलाधिकारी ने प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय को लोनिवि से आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए आंगणन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य केएस दिगारी ने विद्यालय की स्थापना वर्ष, विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या, डिजिटल व स्मार्ट क्लास, लाईब्रेरी, मेडिकल सुविधा, स्पोर्ट्स एक्टिविटी आदि संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

## एक नजर

### भालू के हमले में महिला गंभीर

नई टिहरी : बालगंगा रेंज की गोनगढ़ पट्टी के कोट गांव की एक महिला पर भालू ने हमला कर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। महिला को एंबुलेंस सेवा से सीएचसी बेलेश्वर ले जाया गया, जहां महिला का उपचार चल रहा है। बालगंगा रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने बताया कि मंगलवार सुबह क्षेत्र के वन आरक्षी सुधीर मैठाणी ने सूचना दी कि कोट गांव की जमुना देवी(48) पत्नी राजेन्द्र सिंह गांव के समीप वाडु तोक में जानवरों के लिये चारा पत्ती लेने गई थी। इस दौरान भालू ने महिला पर अचानक हमला कर दिया। अन्य महिलाओं के भारी शोर मचाने पर भालू महिला को जख्मी कर भाग गया। जिसके बाद ग्रामीण जख्मी हालत में महिला को पीठ पर लादकर सड़क तक लाये, जहां से एंबुलेंस सेवा से महिला को सीएचसी बेलेश्वर लाया गया। रेंज अधिकारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

### एनसीसी का ट्रेनिंग कैंप शुरू, 500 कैडेट लेगें प्रशिक्षण

चमोली : यूके बटालियन एनसीसी गोपेश्वर के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कालेज माणा घिघराण में 8 दिवसीय एनवल ट्रेनिंग कैम्प शुरू हों गया है। जिसमें जनपद के समस्त विद्यालयों के 500 कैडेट भाग ले रहे हैं। कैम्प कमाण्डेन्ट ले कर्नल दीपक राना ने बताया कि कैम्प में कैडेटों को शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रिडिंग, दिल फिल्ड कार बैटल कापट, सामाजिक जागरूकता गतिविधियां व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व प्राथमिक चिकित्सा स्वास्थ्य व स्वच्छता, आत्म रक्षा प्रशिक्षण, नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण सैन्य प्रशिक्षण के साथ इक्कीसवीं सदी के कौशलों की चुनौती के लिए कैडेटों को तैयार करना है। इस प्रशिक्षण शिविर में 5 एनसीसी अधिकारी, 3 सूबेदार तथा 12 हवलदार प्रशिक्षण देंगे। कैम्प कमाण्डेन्ट ले कर्नल दीपक राणा ने कैम्प के ओपनिंग ऐडरस में कैडटो को समबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीवन में कुछ हट कर करना होगा।

# राज्यपाल ने मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से जोशीमठ में भू धंसाव की स्थिति पर जानकारी ली





देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से जनपद चमोली के जोशीमठ में भू धंसाव की स्थिति पर जानकारी ली। मुख्यमंत्री धामी ने जोशीमठ में भू धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत व बचाव कार्यों और नागरिकों की सुरक्षा हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्रभावितों की सुरक्षा व पुनर्वास हेतु उठाए गए कदमों एवं समस्या के समाधान हेतु तात्कालिक तथा दीर्घकालिक कार्य योजना की प्रगति की भी जानकारी भी दी। राज्यपाल ने कहा कि भू धंसाव क्षेत्र में निवासरत लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है जिसे ध्यान में रखा जाए। इसके साथ ही प्रभावितों के अस्थायी पुनर्वास का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। प्रभावित हुए लोगों को ठंड व मौसम बिगड़ने की स्थिति में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा अभी तक उठाए गए त्वरित कदमों पर संतोष जताते हुए इस कार्य में लगे सभी लोगों की सराहना की।

इससे पहले राज्यपाल ने मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधू से भी मुलाक़ात कर जोशीमठ में भू धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत व बचाव कार्यों और नागरिकों की सुरक्षा हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव से जुड़ी सभी एजेंसियों का समन्वय सुनिश्चित किया जाए। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

# पछुवादून के तीनों निकायों में चुनाव लड़ेगी आप : आजाद अली



विकासनगर। आम आदमी पार्टी की अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों के साथ ही पार्टी संगठन को मजबूत करने पर मंथन किया गया। पार्टी नेताओं ने पछुवादून के तीनों निकायों में अपने चुनाव लड़ने की संभावनों पर विचार किया। भीमावाला में पार्टी के जिला महासचिव गुलफाम अहमद के आवास पर संपन्न हुई बैठक में कई लोगों को पार्टी की सदस्यता भी दिलाई गई। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा कि भले ही उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा हो, लेकिन इससे कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय नेतृत्व पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत कर रहा है। इन चुनावों में पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। देश में आम आदमी पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ रही है। भाजपा और कांग्रेस का विकल्प जनता को आप में दिखाई दे रहा है। इसका कारण यह है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में स्वच्छ छवि की भ्रष्टाचार मुक्त सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में भी पार्टी संगठन को मजबूत किया जा रहा है। निकाय चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करेगी।

## बीकानेर और इंटरसिटी एक्सप्रेस रुड़की स्टेशन पर लेट से पहुंची

रुड़की। हरिद्वार और चंडीगढ़ जाने वाली दो ट्रेनें अपने निर्धारित समय से रुड़की रेलवे स्टेशन पहुंची। हरिद्वार और चंडीगढ़ जाने वाली दो ट्रेनें अपने निर्धारित समय से रुड़की रेलवे की प्लेटफार्म नंबर.3 पर लेट पहुंची। इस बीच यात्रियों को निर्धारित समय से रुड़की रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त वक्त देना पड़ा। हालांकि योगा एक्सप्रेस, जनशताब्दी और सहारनपुर देहरादून पैसेंजर समेत सात ट्रेनें अपनी निर्धारित समय पर स्टेशन पहुंची। कोहरे का असर कम नहीं हो पा रहा है। जिस वजह से यातायात पर मौसम के बिगड़े मिजाज का काफी फर्क पड़ रहा है।

# आईएएस ने शंकरपुर गांव में विकास कार्यों को जांचा

विकासनगर। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एवं प्रभारी बीडीओ सहसपुर ने शंकरपुर गांव में निरीक्षण कर विकास कार्यों के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान बीडीओ ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के साथ–साथ विधवा, विकलांग और बुजुर्गों की पेंशन के बारे में भी जानकारी ली। पेंशन मामलों में आ रही बाधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए उनके निराकरण को लेकर ग्राम प्रधान से चर्चा की। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी और प्रभारी बीडीओ वरुणा अग्रवाल के ग्राम पंचायत शंकरपुर हकूमतपुर पहुंचने पर ग्राम प्रधान बेबीरानी ने ग्रामीणों के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रभारी बीडीओ अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, व्यायामशाला, प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का निर्माण व ग्राम पंचायत की अपनी निजी आय से किये जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों, टीन शेड, सामुदायिक हाल, टाइल्स रोड आदि का निरीक्षण किया। प्रभारी बीडीओ ने गांव में किये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने का ग्राम प्रधान को निर्देश दिया। कहा कि गांव में जो भी कार्य किये जाएं उन पर खास ध्यान दिया जाय। इससे गांव का विकास हो सके।

# आईआईटी के प्रो. शिशिर सिन्हा को सिल्वर आइकन अवार्ड मिला

रुड़की। आईआईटी रुड़की ने डिजिटल इंडिया–2022 सिल्वर आइकन अवार्ड प्राप्त करने पर केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. शिशिर सिन्हा को बधाई दी। प्रो. सिन्हा ने यह पुरस्कार सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) की ओर से प्राप्त किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वेब और मोबाइल की सर्वश्रेष्ठ पहल श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया।

प्रो. सिन्हा वर्तमान में सीआईपीईटी (रसायन एवं पेट्रोकेमिकल्स विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, के महानिदेशक हैं। प्रो. सिन्हा राष्ट्रीय महत्व की टेक्नोलॉजी पर कार्य कर रहे हैं। इनमें बेकार पॉलीमर से मूल्य वर्धित उत्पादों का विकास शामिल है। यह पुरस्कार ब्रांड सीआईपीईटी की ओर से डिजिटल गवर्नेंस में अनुकरणीय पहल कर राष्ट्रीय विकास में योगदान देने का सम्मान है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ त इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी संचार और रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव अलकेश कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।

डिजिटल इंडिया अवार्ड 2022 मिलने पर प्रोफेसर शिशिर सिन्हा ने कहा कि सीआईपीईटी 54 साल पुराना संगठन है।

## स्कूली छात्रा को साइकिल व जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे

रुड़की। इनरव्हील क्लब रुड़की की ओर से इनरव्हील डे पर जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े और एक स्कूली छात्रा को साइकिल दी गई। नहर किनारे रेन शेल्टर पर इनरव्हील क्लब के पदाधिकारियों ने क्लब का स्थापना दिवस मनाया। क्लब के पदाधिकारियों ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए। क्लब की अध्यक्ष कामना ने कहा कि क्लब रेन शेल्टर में सप्ताह में एक बार इस तरह के सामाजिक कार्यों का आयोजन करेगा।

# जोशीमठ आपदा प्रभावितों की सलामती को मांगी दुआ



रुड़की। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स और हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद ने उलेमाओं के साथ जोशीमठ में आई आपदा में प्रभावित लोगों की सलामती के लिए दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश कर दुआ मांगी। शादाब शम्स ने कहा कि जोशीमठ में प्राकृतिक आपदा के चलते 600 से अधिक लोगों के घरों में दरारें आ गई हैं और कई जगह सड़कें भी धंस गई है। इस आपदा से हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। सरकार सबसे पहले उन सभी परिवारों को वहां से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का काम कर रही है और उनके विस्थापन के लिए सरकार कोशिश कर रही है। हज समिति अध्यक्ष खतीब अहमद ने कहा कि जोशीमठ के प्रभावितों के लिए सरकार और प्रशासन लगातार मदद पहुंचा रहा है।

## शिविर में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पोखड़ा ब्लॉक के अंतर्गत इंटर कॉलेज कुटियाखाल की एनएसएस इकाई के साथ दिवसीय शिविरि में स्वयं सेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को नशे के प्रति भी जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विजय आनंद लिंगवाल किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी सुधीर कुमार सुंदरियाल ने कहा कि स्वयं सेवियों को सामाजिक बुराईयों के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। अभियान के दौरान नशे के खिलाफ भी जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर ग्राम प्रधान रेखा देवी, रचना नेगी आदि मौजूद रहे।

## ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक न खुलने से पूर्व सैनिकों में रोष

**श्रीनगर गढ़वाल :** गौरव सैनानी संगठन श्रीनगर की बैठक कल्याणेश्वर धर्मशाला मे आयोजित की गई। बैठक में ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक श्रीनगर में खोले जाने व केंद्रीय विद्यालय के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि श्रीनगर में ईसीएचएस व केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग को लेकर लगातार पत्र व्यवहार किया जा रहा है। लेकिन उनकी मांग पर अमल नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री को भी इस संदर्भ में ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक में एमपी सिलोड़ी, सुदर्शन सिंह, रविंद्र रावत, अरूण बहुगुणा, केवल किशोर, एपी बलोनी, विष्णुदत्त, पीतांबर बडोनी, मनमोहन, हुक्म सिंह, गजेंद्र सिंह चंद, विजेंद्र कैंतुरा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# आरोपियों के नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट पर हुई सुनवाई, आज फैसला सुनाएगी न्यायालय

## अभियोजन पक्ष ने संबंधित मामले की रूलिंग (न्यायिक निर्णयों की प्रति) न्यायालय में की दाखिल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों के नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के मसले पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भावना पांडे की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने संबंधित मामले की रूलिंग (न्यायिक निर्णयों की प्रति) दाखिल की। जिसके बाद कोर्ट ने एक दिन की तारीख आगे बढ़ा दी है। अब कोर्ट बुधवार को फैसला सुनाएगी।

शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गत तीन जनवरी को अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अपनी दलीलें रखी गई थीं। बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसले के लिए 5 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी। पांच जनवरी को अभियोजन पक्ष की ओर से संबंधित मामलों में अन्य कई रूलिंग को जरूरी बताते हुए इन्हें प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय की मांग की गई।

अदालत ने इसके लिए समय प्रदान करते हुए 10 जनवरी की तिथि नियत की गई थी।




### यह है पूरा मामला

बता दें कि 18 सितंबर की रात को वनंत्रा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य ने राजस्व पुलिस चौकी में अपनी कर्मचारी अंकिता भंडारी के गुमशुदा होने की शिकायत दी थी। करीब तीन दिनों तक इस मामले की ढिलाई से जांच की गई। इसके बाद शासन के निर्देश पर मामले को रेगुलर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने पुलकित आर्य, मैनेजर सौरभ भास्कर और अंकित से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने सारी बात उगल दी। पता चला कि पुलकित और अंकिता के बीच झगड़ा हुआ था। ऋषिकेश से लौटते वक्त अंकिता और पुलकित के बीच नहर किनारे फिर से विवाद हुआ और इस बीच पुलकित ने अंकिता को नहर में धक्का दे दिया था। पुलिस ने इस मामले में 22 सितंबर को पुलकित, अंकित और सौरभ को गिरफ्तार कर लिया था।

### जाने कब क्या हुआ

- 9 दिसंबर, 2022 को अंकिता हत्याकांड की जांच कर रही एसआईटी ने तीनों आरोपियों पुलकित, सौरभ व अंकित के नार्को एवं पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए अदालत में प्रार्थनापत्र दाखिल किया था।
- 12 दिसंबर, 2022 को आरोपी पुलकित एवं सौरभ ने नार्को टेस्ट कराने के लिए सहमति प्रदान कर दी थी लेकिन तीसरे आरोपी अंकित ने कोर्ट से इस पर विचार के लिए दस दिन का समय मांगा।
- 22 दिसंबर, 2022 को तीनों आरोपियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से पैंतरा बदलते हुए पूर्व में दी गई सहमति व असहमति के पत्रों को वापस ले लिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित सजवाण ने कोर्ट से कहा कि सहमति देने वाले दो आरोपियों पुलकित और सौरभ ने बिना कानूनी सलाह के सहमति प्रदान की थी।
- 3 जनवरी, 2023 को अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से बहस की गई। बहस के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए 5 जनवरी की तिथि नियत कर दी।
- 5 जनवरी, 2023 को अभियोजन पक्ष ने फैसले से पूर्व नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट से संबंधित रूलिंग (न्यायिक निर्णयों की प्रति) अदालत में दाखिल करने के लिए समय की मांग अदालत से की। अदालत ने सुनवाई के लिए 10 जनवरी की तिथि निर्धारित की थी।

### मंगलवार को न्यायालय में क्या हुआ

न्यायालय में अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकीलों के बीच लंबी बहस हुई। एक तरफ जहां बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमित सजवाण हत्यारोपियों का नार्को टेस्ट न करवाने की मांग करते रहे। वहीं, दूसरी ओर सरकारी वकील अंकिता मर्डर केस के आरोपियों का नार्को टेस्ट कराए जाने की जोरदार मांग करते रहे। उधर अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय के समक्ष मामले से जुड़ी रूलिंग दाखिल कर फैसला देने की अपील की गई। वहीं, कोर्ट ने इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट बुधवार यानि 11 जनवरी को अपना फैसला सुनाएगी।

### आरोपी पुलकित आर्य ने इन सवालों को भी शामिल करने को कहा

- अंकिता को नहर में धक्का किसने दिया और उसे मारने की साजिश किसने रची।
- घटना की शाम अंकिता अपनी मर्जी से हमारे साथ गई थी या उसे जबरदस्ती ले गए।
- क्या किसी ने अंकिता को बचाने की कोशिश की।
- क्या हमने अंकिता को किसी वीआईपी के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए उकसाया।
- अंकिता के परिवार एवं मित्र पुष्प के साथ अंकिता के कैसे संबंध थे। इस बारे में अंकिता ने हमें क्या-क्या बताया।
- अंकिता का दोस्त पुष्प उसके साथ शादी के लिए क्यों मना कर रहा था। अंकिता ने इस बारे में हम तीनों को क्या-क्या बताया।

## ऑल राउंडर ने बालासौड़ को हराया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन ऑल राउंडर-07 ने बालासौड़ को हराया। इस दौरान बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

चौथे दिन पहले मुकाबले में ऑल राउंडर-07 ने टॉस जीतकर बालासौड़ की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया।

ऑल राउंडर की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में 35 रन पर ऑल आउट करने के बाद तीसरे ओवर में ही लक्ष्य प्राप्ति कर ली। दूसरे मुकाबले में एमसीसी मोटाढाक पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में उतरी निर्धारित 10 ओवरों में 115 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में उदयरामपुर की टीम 83 रन ही बना सकी। दिन का तीसरा मुकाबला सिगड्डी सुपर किंग्स बनाम फिट ओन जिम खेला गया। जिसमें सिगड़ी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रनों का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में फिट ओन जिम 75 रन ही बना सकी।

अंतिम मुकाबला सिद्धबली सीनियर्स बनाम पहाड़ी इलेवन हुआ जिसमें खबर लिखे जाने तक सिद्धबली बाबा सीनियर्स 5 ओवर में 3 विकेट खोकर 17 रन पर खेल रही थी। मुकाबले में मुख्य अतिथि की भूमिका कमल नेगी ,अमित अग्रवाल ने निभाई।



क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने पहुंची टीम।

## राज्य आंदोलनकारी व पूर्व प्रधानाचार्य एनडी कोटनाला का निधन

**कोटद्वार :** राज्य आंदोलनकारी, नागरिक मंच के पूर्व संयोजक व पूर्व प्रधानाचार्य एनडी कोटनाला का मंगलवार को निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। एनडी कोटनाला का बुधवार को कोटद्वार के मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं।

एनडी कोटनाला की पुत्री वरिष्ठ पत्रकार अंजू कोटनाला ने बताया कि उनके पिताजी कुछ समय से भाई अखिलेश के साथ दिल्ली स्थित आवास में रह रहे थे। रविवार से उन्होंने बीमारी के कारण खाना भी छोड़ दिया था। मंगलवार सुबह करीब छः बजे उन्होंने दिल्ली में अंतिम सांस ली। बताया कि स्व. एनडी कोटनाला ने उत्तराखंड आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रदेश के गठन के बाद उन्होंने नागरिक मंच के माध्यम से समाज के लिए अनेक कार्य किए। उनके निधन पर नागरिक मंच, उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा, प्रेस क्लब कोटद्वार, उत्तराखंड पत्रकार यूनियन, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच, वरिष्ठ नागरिक संगठन, भाजपा, कांग्रेस, यूकेडी और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्ति की है।



एनडी कोटनाला का फाइल फोटो।

## पुलिस पेंशनर्स हैं पुलिस के अभिन्न अंग : एसएसपी

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सुनी पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने पुलिस पेंशनर्स व उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने जल्द ही समस्याओं के निर-ाकरण का आश्वासन दिया। कहा कि पुलिस पेंशनर्स पुलिस के अभिन्न अंग हैं।

मंगलवार को तड़ियाल चौक स्थित एक होटल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारियों को एक मंच पर लाना, सभी का एक परिवार के रूप में हर सुख-दुःख में शामिल होना, किसी भी संकट की घड़ी में सहयोग की भावना रखना, सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारियों के निधन होने पर आश्रितों को पेंशन दिलाने में सहयोग करना एवं समय–समय पर नशा उन्मूलन आदि सामाजिक सुधार के रचनात्मक कार्यों में एक जुट होकर सहयोग करना है था। गोष्ठी में एसएसपी द्वारा उपस्थित सेवानिवृत अधिकारी/कर्मचारी गणों का सम्मान कर आपसी परिचय एवं कुशलक्षेम पूछते हुये उनकी निजी, पारिवारिक, स्थानीय एवं विभागीय स्तर की समस्या/ सुझाव के बारे में जानकारी ली गयी। एसएसपी ने कहा कि जनपद के पुलिस पेंशनर्स एवं उनके आश्रितों का एक वाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा। उक्त वाट्सएप नम्बर पर पुलिस पेंशनर्स एवं उनके आश्रित किसी भी प्रकार की समस्या/शिकायत एवं सुझाव प्रेषित कर सकते है। जिसका तत्काल संज्ञान लेकर निराकरण किया जायेगा। पुलिस पेंशनर्स की किसी भी प्रकार की समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार को नोडल अधिकारी बनया गया है। बैठक में पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति के पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद रहे।



कोटद्वार में पुलिस पेंशनर्स का हाल जानती एसएसपी श्वेता चौबे

## नेशनल हाईवे पर वाहनों की गति सीमा बढ़ाने की मांग की

**श्रीनगर गढ़वाल :** वैश्य समाज सामाजिक संगठन ने भारत सरकार के सड़क एंव परिवहन मंत्री नितिन गड़करी को ज्ञापन भेज कर पर्वतीय क्षेत्रों में वाहनों की गति को बढ़ाने की मांग की है। ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष सुजीत अग्रवाल ने कहा कि नेशनल हाईवे पर वाहनों की गति मैदानी क्षेत्रों में 100 किमी. एंव पर्वतीय क्षेत्र में 40 किमी. प्रति घंटा रखी गई है। जबकि अब देश में नेशनल हाईवे में काफी सुधार हुआ है, लेकिन विभाग की ओर से तय की गई वाहनों की गति काफी कम है। कहा कि मैदानी क्षेत्रों वाहन की गति 100 और पर्वतीय क्षेत्रों में 40 से अधिक होती है। ऐसे में पुलिस ऑनलाइन चालान काट कर आम जनमानस को चालन की भारी रकम का अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उन्होंने मैदानी क्षेत्रों में नेशनल हाईवे में वाहनों की गति 120 से 140 किमी. और पर्वतीय क्षेत्र में 60 से 80 किमी. प्रति घंटा को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। (एजेंसी)

## जनता की समस्याओं का गंभीरता से करें निराकरण : एसएसपी

### अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को दिए निर्देश


**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** अपर पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि जनता को पुलिस से कई उम्मीदें रहती है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को उनकी समस्याओं का गंभीरता से निर-ाकरण करना चाहिए। उन्होंने कोटद्वार पुलिस को लंबित विवेचनाओं के भी जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को कोटद्वार पहुंची एसएसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए यह बात कही। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विवेचना की गहनता से जांच-पड़ताल होनी जरूरी है। विवेचना के दौरान किसी भी तरह के राजनैतिक दबाव में आने की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा कोतवाली में आने वाले शिकायती पत्रों का भी जल्द निस्तारण होना चाहिए।

किसी भी फरियादी को न्याय के लिए पुलिस दफ्तारों के चक्कर न काटने पड़े। कहा कि आमजन की शिकायतों को पुलिस कर्मी गंभीरता से लें।

उन्होंने पुलिस अधीकारियों को महिला अपराध को लेकर भी गंभीरता दिखाने की बात कही। कहा कि प्रत्येक महिला की शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए उसका निस्तारण करें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, यातायात निरीक्षक शिव कुमार आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में एएसपी कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसएसपी श्वेता चौबे

## शिविर में दर्ज 52 शिकायतों में से 18 का हुआ निस्तारण

### विकास खंड द्वारीखाल में आयोजित किया गया बहुउद्देशीय शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार:** द्वारीखाल विकास खंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में दर्ज 52 शिकायतों में से 18 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान शिविरि में चिकित्सकों ने दिव्यांगों को प्रमाण पत्र भी जारी किए।

आयोजित शिविर का यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट व ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को पेयजल, सड़क स्वास्थ्य सहित अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। शिविर में दर्ज 52 शिकायतों में से 18 का मौके पर निस्तारण हुआ। जबकि, अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है। शिविर में चिकित्सकों ने कुल 28 दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए। शिविर के दौरान यूडीआईडी विशिष्ट दिव्यांग पहचान पत्र के लिए छह आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही छह दिव्यांग जनों ने कृत्रिम अंग/उपकरण के लिए भी आवेदन किया। वहीं, शिविर में जिले के अधिकारियों के न पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख महेंद्र राणा ने नाराजगी जताई। कहा कि लापरवाही से विकास कार्य धरातल पर नहीं उतर पाते। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कुलभूषण, कनिष्ठ उपप्रमुख रविंद्र रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजमोहन सिह नेगी, यशपाल सिह रावत, भारत सिह रावत, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिह नेगी, प्रधान जितेन्द्र गुसांई, रेनू उनियाल, प्रमोद कुमार, नीला देवी, रविन्द्र कुमार, सूमा देवी, गुलाम रब्बानी, सरिता देवी, शोभा नैथानी आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ करती विधायक व ब्लाक प्रमुख

## प्रधानाचार्यों को दिया नवीन 21 सेवाओं का प्रशिक्षण

**पौड़ी :** अपणि सरकार योजना के तहत विद्यालयी शिक्षा विभाग के सभी हाइस्कूल व इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्यों को गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर शिक्षा विभाग की नवीन 21 सेवाओं के संबंध में हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया। ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पौड़ी प्रकाश चौहान ने कार्यशाला में शिक्षा विभाग की सेवाओं हेतु डैमो यू आरएल व यूजर क्रेडेंशियल का प्रयोग कर अपणि सरकार पोर्टल का समग्र रूप से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया।

ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पौड़ी प्रकाश चौहान ने बताया कि शासन द्वारा विभिन्न विभागों की जन केंद्रित सेवाओं को राज्य सरकार के यूनिफाइड पोर्टल पर समेकित किया जा रहा है। राष्ट्रीय ई गवर्नेंस योजना के तहत राज्य में अपणि सरकार योजना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जन केंद्रित सेवाओं को नागरिकों के डोरस्टेप तक ऑनलाइन उपलब्ध कराना है। नागरिक या आवेदक स्वयं, नजदीकी ई डिस्ट्रिक्ट केंद्र, सीएससी से आवेदन पत्र विभाग को भेज सकते हैं। इस दौरान बताया गया कि हाल ही में विद्यालयी शिक्षा निदेशालय एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपक्रम आईटीडीए के संयुक्त समन्वय से शिक्षा विभाग की विभिन्न 21 सेवाओं को राज्य सरकार के ई-सर्विसेज पोर्टल पर इंटीग्रेट किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा रामेंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

## जनप्रतिनिधियों ने किया बीडीसी बैठक का बहिष्कार

**जयन्त प्रतिनिधि**

**श्रीनगर गढ़वाल :** कीर्तिनगर विकासखंड में प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा बीडीसी बैठकों में रखे जाने वाले प्रस्तावों पर अमल न होने पर बीडीसी मेंबरों ने मंगलवार को होने वाली बैठक का बहिष्कार कर दिया। जिसके कारण कोरम पूरा न होने पर बैठक को स्थगित करना पड़ा। इस दौरान बैठक के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर रोष जताया। कहा बैठकों में उन्हें कोरा आश्वासन दिया जाता है, जबकि समस्याओं का धरातल पर समाधान नहीं हो रहा है।कीर्तिनगर में मंगलवार को बीडीसी बैठक प्रस्तावित थी। बैठक में जिला विकास अधिकारी, एसडीएम व अन्य विभागों के अधिकारी पहुंचे थे। लेकिन सभागार में भारी कम संख्या में प्रधान व क्षेपंस मौजूद रहे। जिसके कारण बैठक का कोरम भी पूरा नहीं हो पाया। इसको देखते हुए बैठक स्थगित कर दी गई। इस मौके पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकसाल, दीपिका देवी, क्षेपंस पूजा ने कहा कि प्रधानों व क्षेपं सदस्यों में प्रस्तावों पर अमल न होने से गुस्सा है। जिसके कारण उन्होंने बैठक में नहीं पहुंचने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि पूर्व में जो प्रस्ताव विभिन्न विभागों को दिए गए थे पहले उन पर कार्यवाही हो अन्यथा अगली बैठकों का भी पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाएगा। इधर ब्लॉक प्रमुख सोवन सिंह पंवार ने कहा कि प्रधानों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की ओर से प्रस्तावों पर अमल न होने की शिकायतें आई हैं। जिस कारण उन्होंने बैठक में न पहुंचने की बात कही है।

उन्होंने मौके पर अधिकारियों को पूर्व में दिए गए प्रस्तावों व भविष्य में आने वाले प्रस्तावों का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा। (एजेंसी)

# डीएम व एसपी ने किया मेला स्थल का निरीक्षण, दिए निर्देश



बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल व पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने मेला स्थल क्षेत्र पहुंचे। जहां उन्होंने उन्होंने निर्माणाधीन सांस्कृतिक पंडाल, प्रदर्शनी, वीआईपी गैलरी के साथ ही सरयू घाट आरती क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेलाधिकारी व ईओ नगर पालिका को स्टेज 10 फिट आगे बढ़ाने, बैरेकेटिंग डी के साथ ही सेफ हाउस बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा स्टेज का लोनिवि व विद्युत व्यवस्था की सेफ्टी रिपोर्ट विद्युत विभाग देना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सरयू घाट आरती क्षेत्र का निरीक्षण किया और कहा कि सरयू आरती को भव्य रूप दिया जाएगा, सरयू घाट के दोनों तटों पर 5100 दीये जलाने के साथ ही 10 महादीयों से महाआरती की जाएगी। इसके उपरांत आकर्षक लेजर शो का आयोजन होगा। उन्होंने पुलिस विभाग को संपूर्ण मेले क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए साथ ही वीआईपी गैलरी में पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेले क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से अस्थायी पुलिस चौकी के साथ ही खोया-पाया बूथ व एनाउंसर व्यवस्था भी कराने के निर्देश मौके पर दिए। उन्होंने ईओ नगर पालिका व मेलाधिकारी को सारी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मेलाधिकारी हरगिरि, उपजिलाधिकारी गरुड़ राजकुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति आर्या, ईओ सतीश कुमार, तहसीलदार तितिक्षा जोशी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## चरस तस्करी के आरोपी की संपत्ति सीज

चम्पावत : मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चरस तस्करी में जेल गए एक आरोपी की 40 लाख की चल-अचल संपत्ति को पुलिस ने सीज कर दिया है। एसपी देवेंद्र पींचा ने बताया कि नुक्ता प्रसाद पुत्र पूरन लाल, निवासी वार्ड-5, नई बस्ती, थाना टनकपुर के कब्जे से पूर्व में चार किलोग्राम चरस बरामद की थी। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के लिए चिह्नित किया। तस्कर नुक्ता प्रसाद का टनकपुर नगर पालिका क्षेत्र में तीन मंजिला मकान है। जांच में उसके परिजनों के विभिन्न खातों में लगभग 17 लाख की नगद धनराशि पाई गई।



# उत्तरायणी मेले के दौरान यातायात का रूट चार्ट

बागेश्वर : पुलिस ने उत्तरायणी मेले के दौरान यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। बाजार में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। कपकोट, कांडा, गरुड़ तथा नदीगांव मार्ग पर चलने वाले वाहन वाय पास होते हुए जाएंगे।

सीओ शिवराज सिंह राणा ने मंगलवार को कोतवाली में बैठक कर टैक्सी यूनियन व व्यापार मंडल पदाधिकारियों को यातायात में किए गए बदलाव की जानकारी दी। इसका पालन करने की अपील की। उन्हें सख्त लहजे में कहा कि टैक्सी चालक किसी भी यात्री से मनमाना किराया नही वसूलेंगे, शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों से भी नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा बाहर से आने वाले व्यापारियों तथा मेलार्थियों को सहयोग देने की अपील की है। (एजेंसी)

# 55 लाख का धोखाधड़ी का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



अल्मोड़ा : एसएसपी अल्मोडा प्रदीप रॉय ने सीओ विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थाना सोमेश्वर में पंजीकृत एफआईआर न0-33/2020, धारा- 420/406 409 भादवि व 3 यूपीआईडी एक्ट से सम्बन्धित 25 हजार का ईनामी अभियुक्त राजेश कुमार की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी डीसीआरबी निरीक्षक अरुण कुमार व थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय सिंह नेगी के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। पुलिस टीम ने सूचना संकलन कर साईबर सेल की सहायता से अभियुक्त राजेश कुमार को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। राजेश कुमार पुत्र मनफूल, निवासी 1002 छोटा मोहल्ला, धौलाना, जिला मुरादाबाद के खिलाफ थाना सोमेश्वर के अतिरिक्त बेरीनाग और चौखुटिया थानों में भी मुकदमे दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष विजय सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया है कि कस्बा सोमेश्वर आदि में कैमुना क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड की शाखा खोलकर कुल 472 व्यक्तियों से सोसाइटी की विभिन्न स्कीमों में करीब 90 लाख रुपये जमा करवाये थे। जिसमें से सोसाईटी द्वारा करीब 34 लाख रुपये का भुगतान जमाकर्ताओं को कर दिया था। तथा 118 ग्राहकों का करीब 55 लाख 66 हजार 824 रुपए धोखाधड़ी से हड़प लिए गये थे। तथा 17 अक्टूबर 2020 को वादी भूपेंद्र सिंह नेगी निवासी ग्राम जैंचोली थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा ने थाना सोमेश्वर में इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

## पानी न आने से भड़की महिलाएं, तहसील में किया प्रदर्शन

पिथौरागढ़ : नगर के सरस्वती विहार टी स्टेट क्षेत्र में पानी नहीं आने पर महिलाओं ने जल संस्थान और जल निगम के खिलाफ तहसील कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांग पर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला को ज्ञापन दिया। मंगलवार को महिलाएं अंजू बाफिला के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने नारे लगाकर प्रदर्शन किया। अंजू बाफिला ने बताया कि लम्बे समय मे क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। जिससे महिलाएं नौले धारों से पानी ढ़ोकर लाने को विवश हो रही हैं। कहा कि क्षेत्र की महिलाओं ने जल संस्थान और नगर पंचायत को मौखिक और लिखित पत्र देकर जानकारी दी।

# डीडीए को पूरी तरह समाप्त करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा : जिला विकास प्राधिकरण समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति ने अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना दिया। सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। जल्द से जल्द डीडीए को पूरी तरह खत्म करने की मांग की। मंगलवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरने पर बैठे समिति के लोगों ने कहा कि डीडीए समाप्त करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति के धरने को पांच साल से अधिक समय हो गया है, लेकिन अब तक सरकार मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। कहा कि नवंबर 2017 में प्रदेश सरकार ने अव्यवहारिक तरीके से अल्मोड़ा समेत पूरे पर्वतीय क्षेत्र में प्राधिकरण लागू कर दिया था। इसके बाद से समिति लगातार इसके खिलाफ मोर्चा खोले हुए है,




लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि भाजपा की इस सरकार में जनहित के इतने बड़े मुद्दे की लगातार अनदेखी की जा रही है। धरने में पूर्व जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक, चंद्रकांत जोशी, ललित मोहन पंत, राजू गिरी, प्रताप सिंह सत्याल, तारा चंद्र साह, एमसी कांडपाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# सड़क मुआवजे व सीएम विवेकाधीन कोष के चेक वितरित किये



बागेश्वर : सड़क निर्माण में कटी भूमि का मुआवजा किसानों को लंबे समय बाद वितरित किया गया। इसके लिए ग्रामीण कई बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन अब उनकी समस्या दूर हो गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष के भी चेक बांटे गए। विधायक सुरेश गड़िया ने बताया कि किसी भी किसान का अहित नहीं होने दिया जाएगा। जिस व्यक्ति ने विकास के लिए अपनी भूमि दी है उसे निराश नहीं होने दिया जाएगा।

रामलीला मैदान कपकोट में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरसीला-पुड़कुनी, हरसीला-नान कन्यालीकोट, मुनार बैंड-सूपी सड़क, लीली मोटर मार्ग, शामा-लीती गोगिना, कन्यालीकोट-जगथाना, कन्यालीकोट-जगथाना सड़क निर्माण का मुआवजा दिया गया। इसके तहत 43 लाख, 39 हजार रुपये के चेक बांटे गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तीन लाख रुपये की धनराशि के चेक भी बांटे गए। विधायक गड़िया ने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास के लिए संघर्ष जारी है।

## 20 दिन से ठप पड़ा पीएमजीएसवाई सड़क का काम

बागेश्वर : बोरबलड़ा में प्रधानमंत्री सड़क योजना का काम 20 दिनों से रुका हुआ है। इसका कारण तीन तोक गांवों के लोगों के बीच विवाद होना बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि विवाद शासन-प्रशासन ने शीघ्र विवाद सुलझाने की कोशिश नहीं की तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिंह दानू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना से बोरबलड़ा गांव के लिए मार्ग का निर्माण कार्य हो रहा था। लेकिन अभी कटिंग रोक दी गई है। बताया कि बोरबलड़ा ग्राम पंचायत में तीन तोक हैं। जिसमें समडर, बलड़ा और सबसे बड़ा भराकने। तलवाड़ा शामिल हैं। तोक भराकाने और तलबाड़ा तक सड़क नहीं पहुंच पा रही है। विभागीय सर्वे के अनुसार रोड़ समडर तोक से कटनी है।



# संगठन की मजबूती का संकल्प लिया

बागेश्वर : भाजपा पार्टी कार्यालय में मंगलवार को भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता बलवंत सिंह टंगड़िया का भव्य स्वागत किया गया। सभी ने संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराया। अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। पार्टी की रीति और नीति के चलते लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने सभी से पार्टी हित में कार्य करने की अपील की। यहां भाजपा जिला उपाध्यक्ष खड़ग टंगड़िया, मथुरा प्रसाद, जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला मंत्री आशा बुटौला, नवीन परिहार, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेंद्र परिहार, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश साह आदि रहे। (एजेंसी)



# पंचायत राज एक्ट की जानकारी दी

बागेश्वर : उत्तराखंड पंचायतीराज निदेशालय के तत्वावधान में ग्राम पंचायत एवं ब्लाक स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण में सोसाइटी फॉर मोटिवेशनल ट्रेनिगं एंड एक्शन (समता) के मास्टर ट्रेनर कुंवर सिंह चौहान ने पंचायती राज एक्ट में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख गोविंद दानू ने सभी से प्रशिक्षण का लाभ गांव तक पहुंचाने की अपील की। यहां अनिल पैन्यूली, सुल्तान सिंह रावत, कल्पना ठाकुर गुलेरिया आदि रहे। (एजेंसी)

## तहबाजारी शुल्क वृद्धि के विरोध में व्यापार मंडल मुखर

बागेश्वर : नगर पालिका द्वारा बढ़ाए गए तहबाजारी शुल्क के विरोध में नगर व्यापार मंडल मुखर हो गया है। पदाधिकारियों ने एसडीएम से मुलाकात कर समस्या के समाधान करने की मांग की है। साथ ही व्यापारियों की अनदेखी पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंगलवार को समस्याओं का ज्ञापन एसडीएम हरगिरी को सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका ने तहबाजारी शुल्क में 100 प्रतिशत की वृद्धि की है, जो न्याय संगत नहीं है। व्यापारियों को नोटिस जारी किए गए हैं, जिसे किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा।

# विभागीय कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप का विरोध किया

चम्पावत : उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने बैठक कर समस्याओं पर मंथन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप का पुरजोर विरोध किया। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के जनपद अध्यक्ष गोपाल राम कालाकोटी की अध्यक्षता और सचिव मनोज ओली के संचालन में बैठक हुई। महासंघ के सभी इंजीनियर सदस्यों ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। बैठक में प्रकाश नरियाल और नीलम उप्रेती ने पहले की तरह 10, 16 और 26 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर प्रोन्नत वेतनमान बहाल करने की बात सदन में रखी। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्व में अपने लिए गए निर्णय कनिष्ठ अभियन्ता और समवर्गीय का ग्रेड



वेतन डाउन किए जाने पर विरोध किया। उन्होंने विभागीय कार्यों में राजनीतिक हस्तक्षेप का विरोध किया। बैठक में महासंघ के जिला पिथौरागढ़ के एक सदस्य के साथ ठेकेदार की ओर से किए गए दुर्व्यहार पर नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भविष्य में इस तरह की कोई घटना होती है तो आंदोलन किया जाएगा। यहां प्रकाश नरियाल, नीलम उप्रेती, सुधीर कुमार, विषाल खेती, विवेक कुमार, नवीन चंद्र, प्रकाश गहतोड़ी, मवीर सिंह, हरीश कुंवर, हेम पुनेठा आदि रहे। (एजेंसी)

# अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया ने ग्रहण किया पदभार



चम्पावत : नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा और समस्त पर्यावरण मित्रों ने अधिशासी अधिकारी स्वागत किया। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा शाखा बनबसा के अध्यक्ष सनी देवल वाल्मीकि की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नगर पंचायत के नए अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया के पदभार ग्रहण करने पर मोर्चा के सदस्यों और समस्त पर्यावरण ने मित्रों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया ने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर को स्वच्छ बनाना और विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाना है। उन्होंने सभी पर्यावरण मित्रों सहयोग की अपील की। इस मौके पर महेश वाल्मीकि, धर्मपाल वाल्मीकि, अरुण कुमार, ओमपाल वाल्मीकि, नरेश विश्वकर्मा, अभिषेक वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, निखिल वाल्मीकि समेत तमाम पर्यावरण मित्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

## केआरसी रानीखेत में 796 अग्निवीरों का प्रशिक्षण शुरू

अल्मोड़ा : अग्निपथ योजना के तहत कुमाऊं रेजीमेंटल सेंटर रानीखेत में अग्निवीरों के पहले बैच का प्रशिक्षण आरंभ हो गया है। पहले बैच में कुल 796 अग्निवीरों ने प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट किया है, जिनकी गत एक जनवरी से ट्रेनिंग शुरू हो चुकी है। केआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर आईएस साम्याल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पहले चरण में कुल 1150 अग्निवीरों को ट्रेनिंग दी जानी है, एक मार्च को दूसरा दस्ता भी ट्रेनिंग के लिए पहुंच जाएगा। छह माह के प्रशिक्षण के बाद अग्निवीरों को भारतीय सेना के आगे के विशेष प्रशिक्षण के लिए उनकी इकाइयों में भेजा जाएगा।

# सभासदों ने पालिका की मनमानी के विरोध में किया प्रदर्शन



चम्पावत : टनकपुर के सभासदों ने पालिका पर मनमानी का करने का आरोप लगाया है। विरोध में सभासदों ने प्रदर्शन किया। शीघ्र मनमानी खत्म नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। टनकपुर में पालिका सभासदों ने प्रदर्शन पालिका पर तमाम आरोप लगाए। उनका कहना है कि पालिका के सभी वार्डों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। बीते तीन माह से वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं है। पेड़ों के छ्टान और कटान में ढुलमुल रवैया अपनाया जा रहा है। लाइनमैन का बीते दस माह से भुगतान नहीं किया गया है। बोर्ड बैठक में बेवजह देरी की जा रही है। सभासदों की समस्याओं का समाधान करने में टालमटोली की जा रही है। इसके अलाव के लिए लकड़ियों की व्यवस्था करने में सभासदों की अनदेखी की जा रही है। इन सब आरोपों को लेकर सभासदों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने शीघ्र रवैया नहीं बदलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां हसीब अहमद, पूजा टम्टा, रईस अहमद, तुलसी कुंवर, योगेश पांडेय, वकील अंसारी, विनोद सिंह, कपिल उप्रेती आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# सौलर प्लांट के नए सब स्टेशनों को बढ़ावा दें : डीएम

## पौड़ी गढ़वाल सौलर प्लांट लगाने में सबसे आगे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी ने कहा कि सौलर प्लांट के नए सब स्टेशनों को भी बढ़ावा दें। जिलाधिकारी ने तहसीलदारों व राजस्व निरीक्षको को निर्देशित किया कि जो व्यक्ति नया सौलर प्लांट लगाना चाहते हैं उनसे समन्वय स्थापित करते हुए भूमि संबंधित मामलों में उनकी मदद करें। उरेड़ा अधिकारी राजेश्वरी सिंह ने कहा कि प्रदेशभर में पौड़ी गढ़वाल सौलर प्लांट लगाने में सबसे आगे है। कहा कि जनपद में अभी तक 200 मैगावाट के 60 प्लांट तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार में 18 प्लांट लगाये गये हैं।



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान कार्यशाला को संबोधित करते हुए।

मंगलवार को उरेड़ा विभाग के तत्वाधान में उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण कार्यशाला कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 आशीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों की समस्याएं सुनी। साथ ही संबंधित अधिकारी को जल्द समस्याओं का निस्तारण करने को कहा। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने नया सौलर प्लांट लगाने वाले लोगों को सौलर प्लांट की सम्पूर्ण जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो व्यक्ति सौलर प्लांट लगाने चाहते हैं उनको योजना की जानकारी के साथ ही उनकी मदद करें। जिससे वह समय पर सौलर प्लांट स्थापित कर स्वरोजगार को बढ़ावा दे सकेंगे। इस दौरान सौलर उद्यमियों ने जिलाधिकारी से सब्सिडी संबंधित समस्याएं बताई। जिसपर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को समस्या का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, उद्योग महाप्रबंधक शैलेंद्र डिमरी, तहसीलदार यमकेश्वर मनजीत सिंह, अपर संख्याधिकारी आरसी उनियाल, लीड बैंक अधिकारी अनिल कटारिया, पलायन आयोग के सदस्य दिनेश रावत सहित अन्य अधिकारी व सौलर उद्यमी उपस्थित थे।

# श्रीनगर में आरवीएनएल व निर्माणदायी कंपनी का फूंका पुतला

## रेलवे सुरंग निर्माण में ब्लॉस्टिंग पर रोक लगाने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में जीआईटीआई मैदान से जाने वाली रेलवे सुरंग के निर्माण में भारी विस्फोटकों का उपयोग किए जाने पर स्थानीय लोगों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। विरोध स्वरूप पौड़ी बस स्टैंड पर लोगों ने आरवीएनएल व निर्माणदायी कंपनी का पुतला फूंक कर ब्लॉस्टिंग के उपयोग को रोके जाने की मांग की। कहा भारी विस्फोटकों से उनके मकानों में दरारें आ गई हैं। जिससे भी कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासी अमित धनाई ने कहा कि अपर हाईडिल कॉलोनी, ट्रेजरी रोड, नर्सरी रोड सहित बाजार क्षेत्र में ब्लॉस्टिंग से लोगों के मकान हिल रहे हैं। कई मकानों में दरारें आ गई हैं। जिससे लोग भयभीत हैं। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के आस–पास इस समस्या की अनदेखी किए जाने का परिणाम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के पहाड़ी ढलान वाले हिस्से पर सुरंग का निर्माण किया जाना भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। कहा कई बार कंपनी व स्थानीय प्रशासन से विस्फोटकों पर रोक लगाए जाने की मांग कर दी गई है। बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इस समस्या से निजात नहीं मिली तो उन्हें उग्र आंदोलन को विवश होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का अभी तक नुकसान हो गया है उसका भुगतान भी कंपनी तत्काल करे। प्रदर्शन करने वालों में पीएल आर्य, मुकुल चौधरी, परमेश्वरी धनाई, मेहरबान सिंह रावत, गुड्डु लाल, शकुंतला नेगी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## स्वास्थ्य शिविर में 40 लोगों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : सेवा भारती उत्तरांचल की ओर से डागर गांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें सेवा भारती से आए डा. भूपेंद्र सिंह नेगी ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की। शिविर में 40 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

# तिपहिया स्पाइडर व्हील सीढ़ी प्रणाली के आविष्कार को मिला पेटेंट

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानउत्तराखण्ड के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक डॉ. विनोद सिंह यादव एवं शोध छात्रों में निशांत कुमार, राजेश कुमार और दीपक कुमार को पर्वतीय क्षेत्र में तिपहिए वाली स्पाइडर-व्हील सीढ़ी चढ़ने वाली प्रणाली के आविष्कार के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है।

यह पेटेंट केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट अधिनियम 1970 के प्रावधानों के अनुसार प्रदान किया है और इसकी वैधता 20 वर्षो के लिए होगी।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय पेटेंट कार्यालय द्वारा किसी शोध को मान्यता देना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पेटेंट के लिए शोधकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही अगले महत्वपूर्ण कदम जो कि इसके व्यावसायीकरण है उसके लिए शुभकामनाएं भी दी। कहा, इस पेटेंट की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यावसायीकरण की प्रक्रिया अभी चल रही है। इस संदर्भ में विभाग के छात्रों ने स्पाइडर-व्हील का प्रोटोटाइप भी प्रस्तुत किया और व्हील असेंबली के कार्य सिद्धांत को प्रदर्शित किया। प्रोफेसर ललित ने कहा इस टेक्नोलॉजी का आविष्कार पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिए किया गया है। यह आविष्कार उन पर्वतीय क्षेत्रों के लिए सुविधाजनक है जहां राज्य के लोगों को असमान सतहों का सामना करना पड़ता है। इस तिपहिया स्पाइडर-व्हील सिस्टम के इस्तेमाल से वे न्यूनतम प्रयास के साथ ट्रॉलियों में सामान ले जाने में सक्षम होंगे एवं नये रोजगार सृजित करने में लाभदायी होगा। संस्थान के प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने भी शोधकर्ताओं को बधाई दी। (एजेंसी)

## तीर्थ पुरोहित समाज का होगा समुचित पुनर्वास : तोगडिया

नई टिहरी : अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगडिया ने मास्टर प्लान से बदरीनाथ धाम के पौराणिक स्वरूप को बचाने व विस्थापित हो रहे तीर्थ पुरोहित समाज का समुचित पुनर्वास किये जाने की बात कही है।

हिंदू हेल्प लाइन के प्रदेश संयोजक व तीर्थपुरोहित अशोक टोडरिया ने उन्हें इस बाबत देहरादून में ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान की जद में आ रहे तप्त कुंड, प्रहलाद, कूर्म धारा, वल्लभाचार्य बैठक, नृसिंह मंदिर, रानी सती व साक्षी गोपाल मंदिर को संरक्षित किये जाने का अनुरोध किया गया था। साथ ही तीर्थ पुरोहितो के आवासों को तोड़े जाने की बात रखी गई थी।

## डीएम ने किए नोडल अधिकारी नामित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जोशीमठ शहर में लगातार हो रहे भूधंसाव एवं प्रभावित स्थानीय निवासियों को राहत एवं बचाव कार्य संपादित किए जाने हेतु जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने विभिन्न व्यस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए है।

एसडीएम योगेंद्र सिंह को सभी वार्डों में सर्वेक्षण कार्य के लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है। समस्त प्रभावितों को असुरक्षित क्षेत्रों से विस्थापन के लिए एसडीम श्रीनगर अजयवीर सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समस्त राहत शिविरों में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं राहत सामग्री वितरण हेतु एसडीएम ऋषिकेश नंदन सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया।

# रोजगार मेले में 94 युवाओं को मिली नौकरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कौशल विकास व सेवायोजन विभाग उत्तराखण्ड के तत्वाधान में जिला प्रशासन एवं सेवायोजन विभाग पौड़ी द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में एकदिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 350 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 94 अभ्यर्थी अन्तिम रूप से चयनित किये गये, जबकि 80 अभ्यर्थियों को संक्षिप्त सूची (शार्ट लिस्ट) में रखा गया है। इसके साथ ही सीवैट संस्थान डोईवाला द्वारा 16 अभ्यर्थियों को कौशल विकास हेतु चयनित किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में आयोजित वृहद रोजगार मेले का बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने प्रतिभाग करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। रोजगार मेले में 12 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग करते हुए लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से दसवीं से लेकर परास्नातक तक उत्तीर्ण विभिन्न प्रतिभागियों को शार्ट लिस्ट किया। इस मौके पर विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार सरकारी हो या गैर सरकारी, प्रतिभा के बल पर ही चयन होना चाहिए। कहा कि संकल्प व दृढ़ निश्चय से कार्य करने से हर क्षेत्र में सफलता पायी जा सकती है। कोई भी रोजगार छोटा-बड़ा नहीं होता।

उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि वे स्वंय टाटा स्टील कंपनी में कार्य कर चुके है। कहा कि योग्यता के अनुसार रोजगार मिलता है लेकिन कार्य करने की मेहनत व लगन प्रतिभागी को सभी से अलग बनाती है। कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा, इस तरह के रोजगार मेले लगातार आयोजित किये जाते रहेंगे। रोजगार मेले में टाटा मोटोकार्प, विप्रो, स्पेस इंटरनेशनल, विजय इलेक्ट्रिकल्स, एवन पावर, एक्टस कैंप 108, किर्बी बिल्डिंग सिस्टम सहित संबंधित कंपनियों के पदाधिकारियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी लैंसडौन ममता चौहान नेगी, प्रधानाचार्य विमल चन्द बहुगुणा सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व प्रतिभागी उपस्थित थे।

# नशे को रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करें : भंडारी

नई टिहरी : कोतवाली पुलिस ने नगर के व्यापारियों व टैक्सी यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस ने बढ़ते नशे की लत व साइबर क्राइम के प्रति व्यापारियों व टैक्सी यूनियन को जागरूक किया। मंगलवार को कोतवाली नई टिहरी में आयोजित बैठक में नई टिहरी व्यापार मंडल, बौराड़ी व्यापार मंडल व टैक्सी यूनियन के सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर थाना प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने कहा कि बाजार में बढ़ रही नशे को रोकने के लिए व्यापारियों व नगरवासियों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए, जिससे इस पर नियंत्रण पाया जा सके। इसके साथ ही कोतवाल ने बैठक में मौजूद लोगों को साइबर क्राइम के प्रति भी जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर इस तरह की कोई घटनाएं सामने आती हैं, तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। साथ ही पुलिस एप को भी डाउनलोड कर भी जानकारी दी जा सकती है। बैठक में टैक्सी यूनियन की ओर से पुलिस को अपनी समस्याएं बताई। जिसका मौके पर ही निराकरण किया गया। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ज्योति डोभाल, महामंत्री अजय गुप्ता, मनोज चमोली, टैक्सी यूनियन के सुरेंद्र बेलवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जोशीमठ आपदा को लेकर पीएम ले रहे पल-पल की खबर : भट्ट

## आपदा प्रभावितों से मिलें रक्षा राज्य मंत्री, बोले सबको साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट मंगलवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र जोशीमठ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आर्मी कैंप सहित नगर क्षेत्र के सुनील वार्ड, जेपी कालोनी, नरसिंह मंदिर, गांधीनगर में क्षतिग्रस्त भवनों का निरीक्षण किया और प्रभावित लोगों से मिले। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि आपदा के जानकार विशेषज्ञ और पूरा प्रशासनिक अमला इस समस्या के समाधान और प्रभावित लोगों को राहत देने में जुटी है। प्रभावित लोगों के पुनर्वास के हर प्रकार से सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संकट में हम सबको साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है



रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार प्रभावित लोगों के साथ है, प्रभावित लोगों की हर तरीके से मदद की जा रही है। जोशीमठ आपदा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पल-पल की खबर ले रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री यहां से हर व्यवस्था की मानिटरिंग कर रहे हैं। जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए उनको सुरक्षित स्थानों पर रखना अभी हमारी पहली प्राथमिकता है ताकि कोई जानमाल का नुकसान न हो। केन्द्र सरकार से हर संभव मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्मी कैंप जोशीमठ में भी कुछ भवन क्षतिग्रस्त हुए है। वहां पर भी सुरक्षा के दृष्टिगत खाली करवाया गया है। उन्होंने कहा कि यह कष्टकारी है कि हमें अपने घर छोड़ने पढ़ रहे हैं। परंतु मजबूरी है कि इस समय हमारी प्राथमिकता अपने लोगों की जान बचाने की है। जिन घरों को खाली कराया जा रहा है। उन लोगों की व्यवस्था कराई जा रही है, जो 2 होटल क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लटक गए हैं उनको सीबीआरआई के सहयोग से तोड़ा जा रहा है। ये सब जनहित में किया जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री बहुगुणा आज रहेगें रूद्रप्रयाग भ्रमण पर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : प्रदेश के पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग व सेवायोजन मंत्री सौरभ बहुगुणा बुधवार को जनपद भ्रमण पर रहेंगे। जिला कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद के प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा बुधवार को प्रातः सवा 10 बजे गौचर हैलीपैड़ से कार से प्रस्थान करते हुए 11 बजे रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे।

यहां नगर पालिका परिषद कॉम्पलेक्स के अलकनंदा वैडिंग प्वाइंट में उत्तराखंड पत्रकार यूनियन जनपद इकाई के एक दिवसीय अधिवेशन एवं देवभूमि रत्न सम्मान समारोह में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रभारी मंत्री दोपहर 12 बजे गौचर एयरपोर्ट हेतु प्रस्थान करेंगे।

# पंडा पंचायत ने जताई बदरीनाथ धाम के दूसरे जोशीमठ बन जाने की आशंका

नई टिहरी : बदरीनाथ धाम के तीर्थ पुरोहितों ने जोशीमठ त्रासदी से सबक लेते हुए सरकार से धाम में मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण और ध्वस्तिकरण कार्य को तत्काल रोकने की मांग की है। तीर्थ पुरोहितों ने सरकार से मास्टर प्लान की भूगर्भीय रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की है। आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित ज्योतिपीठ की मौजूदा स्थिति ने तीर्थ पुरोहितों की चिंता बढ़ा दी है। पंडा पंचायत ने भविष्य में बदरीनाथ धाम के दूसरे जोशीमठ बन जाने की आशंका जताते हुए कहा कि मास्टर प्लान में तीर्थ पुरोहित व समस्त भारत के हिंदू धर्मावलंबियों की शंकाओ को मिटाया जाना चाहिए। मास्टर प्लान से भूगर्भीय स्थिति में होने वाले बदलाव की रिपोर्ट जनता के समक्ष रखी जानी चाहिए। बदरीनाथ धाम को भव्य दिव्य बनाने की जिद कहीं इसके अस्तित्व को ही सदा के लिए समाप्त नहीं कर दें। श्री बद्रीश पंडा पंचायत अध्यक्ष प्रवीन ध्यानी का कहना है कि बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत अलकनंदा के दोनों छोरों पर बड़ी बड़ी मशीनों से मजबूत प्राकृतिक संरचनाओ को ढहा दिया गया है। पूरे धाम को कंक्रीट के जंगल में बदला जा रहा है। सैकड़ों वर्षो से बदरीनाथ मंदिर को ग्लेशियर से सुरक्षा दे रहे तीर्थ पुरोहितों के आवासों को हटाने का काम जारी है। प्राचीन शास्त्रों में जोशीमठ क्षेत्र स्थित जय विजय पर्वत के एक हो जाने व बदरीनाथ धाम के लुप्त हो जाने की भविष्य वाणी की गयी है।

# चार अपात्र लोगों को सरकारी राशन लौटाने के आदेश

अल्मोड़ा : अपात्र राशन कार्ड धारकों के खिलाफ विभाग का अभियान जारी है। 'पात्र को हां अपात्र को ना अभियान के तहत जिला पूर्ति विभाग की टीम ने हवालबाग ब्लॉक के कुज्याड़ी गांव में निरीक्षण किया। विभाग ने चार अपात्र लोगों से जुलाई से अब तक लिया गया सरकारी राशन लौटाने का आदेश जारी किया है। जिला पूर्ति अधिकारी दिव्या पांडे ने बताया कि विभाग की ओर से लगातार अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि कुज्याड़ी गांव में 13 अपात्र लोगों ने राशन कार्ड जमा कराया। उन्होंने बताया कि तारा देवी पत्नी बचे सिंह, अंबा देवी पत्नी लक्ष्मी दत्त, शोभा देवी पत्नी बिशन सिंह और जमुना देवी पत्नी देव सिंह से राशन कार्ड से संबंधित जानकारी मांगी गई। उक्त राशन कार्डधारकों ने सहयोग नहीं किया। बताया कि इसके बाद मामले में एसडीएम सदर अल्मोड़ा से राशन कार्ड धारकों की आर्थिक स्थिति की जांच की गई। इस पर तहसीलदार अल्मोड़ा ने जांच आख्या में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित राशन कार्ड धारकों की पारिवारिक मासिक आय 15 हजार रुपये से अधिक है। इसके कारण सभी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के राशन कार्ड अपात्र हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जांच के बाद पूर्ति निरीक्षक कटारमल को निर्देशित किया गया है कि वह अपात्र राशन कार्ड धारकों से जुलाई, 2022 से आज तक उनके द्वारा लिये गए खाद्यान्न की वसूली की प्रक्रिया शुरू करें। यदि नोटिस के सात दिन बाद भी कार्डधारक खाद्यान्न का भुगतान नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। (एजेंसी)

## हाथी के हमले में घायल के मददगार बने विजयराज

देहरादून। ऋषिकेश में हाथी के हमले में घायल एक लावारिस मरीज के पीआरओ सेल के कर्मचारी विजयराज मददगार बने हैं। मरीज की हड्डियों में फ्रैक्चर है, विजय ही उनकी पूरी मदद कर रहे हैं। सीपीआरओ महेंद्र भंडारी ने बताया कि दीपक निवासी गांव बिशौली जिला बदायूं यहां ऋषिकेश में मजदूरी करने आया था। विगत एक माह पूर्व ऋषिकेश से नीलकंठ काम करने जा रहा था। रात में एक हाथी ने दीपक पर हमला कर दिया, हमले में दीपक के दोनों पैर की हड्डियों में फ्रैक्चर आ गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे दून अस्पताल पहुंचाया गया।

# पुनर्वास नीति के तहत भूमि आवंटन की जाए

नई टिहरी : बांध प्रभावित तिवाड़ गांव के ग्रामीणों ने पुनर्वास नीति के तहत भूमि आवंटन की मांग की है।


ग्रामीणों ने इस संबंध में डीएम के माध्यम से सिंचाई सचिव को ज्ञापन भेजा है। उत्तरायणी भागीरथी विकास समिति के अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि बांध प्रभावित तिवाड गांव के अधिकांश ग्रामीणों की 50 प्रतिशत से कम भूमि बांध के कारण प्रभावित हुई है, जिस कारण उनका विस्थापन नहीं हो पाया है। पुनर्वास नीति के तहत बांध प्रभावित परिवारों को नगद धनराशि या फिर उसके बदले भूमि दी जानी चाहिए थी, लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। बताया उक्त मांग को लेकर ग्रामीणों ने तीन माह पूर्व धरने पर बैठे, जिस पर टीएचडीसी, पुनर्वास विभाग और प्रशासन की ओर से प्रभावित ग्रामीणों को गोरण तोक में भूमि दिये जाने की बात हुई थी, लेकिन तीन माह बीते जाने के बाद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। उन्होंने पुनर्वास निदेशक से ग्रामीणों को गोरण की भूमि देने की मांग की है।



उधर, दूसरी ओर से कोटी कॉलोनी व्यापार मंडल ईकाई ने टिहरी बांध की झील के किनारे पर्यटन विभाग की ओर से बनाई गई दुकानों को कोटी कॉलोनी के व्यापारियों को आवंटित करने की मांग की है। व्यापार मंडल महामंत्री गोपाल रतूड़ी ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा स्थानीय दुकानदारों की उपेक्षा कर उक्त दुकनों के आवंटन की टेंडर प्रक्रिया की शुरु की जा रही हैं,

# दो लाख की चरस के साथ दो लोग गिरफ्तार

चमोली : पुलिस ने पटियालधार रोड पर चैकिंग के दौरान 2 किलो 470 ग्राम चरस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई चरस की कीमत लगभग दो लाख आंकी जा रही है। पकड़े गये अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गोपेश्वर में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि चरस के साथ पकड़े गए अभियुक्तों के नाम रणजीत कुमार और सुरेंद्र कुमार है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार चरस के साथ पकड़े गए अभियुक्त रंजीत कुमार और सुरेन्द्र कुमार पाणा गांव के निवासी हैं। रंजीत कुमार के कब्जे से एक किलो 450 ग्राम तथा सुरेन्द्र कुमार के कब्जे से एक किलो 20 ग्राम चरस पकड़ी गई। पुलिस ने बताया कि चरस के धंधे में संलिप्त अभियुक्तों का अपराध का धंधा और तरीका पहले चल रहा था। अभियुक्ततों से पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा आसपास के गांवों से छोटी–छोटी मात्रा में चरस इकट्ठा कर मैदानी क्षेत्रों में ट्रकों के माध्यम से भेजी जाती है।



# संकट चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया

चम्पावत : नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में संकट चतुर्थी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने व्रत रखकर चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोला और परिवारजनों के सुख–समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने ऋषेश्वर महादेव, मां झूमाधुरी, अखिल तारिणी, मां बाराही, गलचौड़ा, आदित्य महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

छमनिया में पंडित प्रकाश पांडेय ने वैदिक मंत्रों के साथ पूजा–अर्चना संपन्न कराई। महिलाओं ने भगवान गणपति शिव का अभिषेक कर तिल श्रीफल अर्पित किए। महिलाओं ने दिन भर निराहार रहकर पति की दीर्घायु की कामना की।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 283-DRM-MB-22-23 Dt. : 09.01.2023 | 284-DRM-MB-22-23 Dt. : 10.01.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Construction of Type-IV residence for ADEE/TRD & ADSTE at HPU, BE & NBD. | Replacement of 17 nos stone slab Bridge with RCC box in the jurisdiction of DEN-4-MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 02.02.2023 | 02.02.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 hrs. | 16:00 hrs. |
| अनुमानित लागत | 60,64,280.49 | 2,20,48,863.32 |
| धरोहर राशि | 1,21,300.00 | 2,60,300.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | 08 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 19.01.2023 | 19.01.2023 |

टेन्डर न. 75/W/2/3/WA/DEN/HQ/T. Notice दिनांकः 10.01.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 103/23

## सम्पादकीय

# त्रासदी पर भारी भावनाएं

इतना तो अब तक तय हो चुका है कि जोशीमठ के हालातों को लेकर राज्य सरकार के आगे आवे चुनौतियों का बड़ा पहाड़ खड़ा होने वाला है। यहां के लाखों लोगों के विस्थापन एवं लोगों की सुरक्षा को लेकर एक बड़ा खाका तैयार करने की जरूरत है ताकि जानमाल की सुरक्षा के साथ ही स्थानीय निवासियों को इस कड़-ाके की ठंड में उचित व्यवस्थाएं व सुविधाएं मुहैया कराई जा सके। उत्तराखंड एक बार फिर अपनी प्रातिक आपदा को लेकर पूरे देश में सुर्खियों में बना हुआ है। उत्तराखंड का जोशीमठ पहाड़ी क्षेत्र जमीन खिसकने की त्रासदी से जूझ रहा है और पूरे शहर की हालत इस समय असुरक्षित बनी हुई है। सुरक्षा की दृष्टि से लोगों के विस्थापन का कार्य शुरू किया गया है तो वहीं ऐसे भवन जिन पर दरारे आ चुकी है उन्हें तोड़ने का काम भी शुरू किया गया है। इस सब के बीच स्थानीय लोग अपने पुरखों की जमीनों व भवनों को छोड़ने को तैयार नहीं है, लेकिन परिस्थितियां कहती हैं कि सुरक्षा सर्वोपरि है। राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन को इस दुर्लभ समय में जनता के बीच अपनी पैठ बनाने एवं उन पर अपना विश्वास कायम करने के लिए अपने संसाधनों को पूरी तरह से प्रयोग करने की आवश्यकता है। पूरा शहर इस समय अफरातफरी के माहौल में है. लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उनका भविष्य क्या होगा और क्या वाकई उनका यह शहर एक बार फिर उस परिस्थिति में आ पाएगा जहां से वह अपना जीवन यापन करते हुए पुरखों की याद संजोए, एक सुनहरा भविष्य देखा करते थे। जोशीमठ के पहाड़ों में विकास का अनियोजित क्रम आज स्थानीय लोगों के आगे एक बड़ी त्रासदी के रूप में सामने आया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या वाकई जोशीमठ को पूरी तरह से खाली कराने की जरूरत पड़ेगी और यदि ऐसा होता है तो यहां के लोगों को विस्थापित करने के लिए सरकार के पास क्या योजना है? जोशीमठ में सामने आई इस विपदा को लेकर अभी तक जितने भी रिपोर्ट आई हैं, वे जमीन के बाहर की परिस्थितियों के आधार पर आई हैं। लेकिन इसका वैज्ञानिक और तकनीकी कारण क्या है, इस बारे में पहली बार जांच होने जा रही है। भूगर्भ के अंदर हुए इस बदलाव की जांच के कार्य के लिए जियो टेक्निकल और जियो फिजिकल सर्वे कराया रहा है। भूविज्ञान यह पता लगाने का प्रयास करेंगे कि जोशीमठ की भूगर्भीय क्षमता आखिर कितनी है और क्या कारण है कि एकाएक जमीन धंसने की यह बड़ी त्रासदी सामने आई है। जल विज्ञान संस्थान रुड़की की टीम क्षेत्र में ड्रेनेज की मैपिंग, पानी के नमूनों की जांच और स्रोत का पता लगाएगी। राष्ट्रीय भू भौतिकी अनुसंधान संस्थान जियो फिजिकल सर्वे की जांच करेगी। साथ ही जोशीमठ में हो रहे मिट्टी कटाव और टो कटिंग भी जांच होगी। इस सबके बीच स्थानीय लोगों में भय साफ नजर आ रहा है जिसके साथ ही राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के लिए स्थानीय लोगों के विस्थापन एवं नागरिकों की सुरक्षा की चुनौती भी आ खड़ी हुई है वह भी ऐसे मौके पर जब लोग अपने घरों को छोड़ने को तैयार नहीं है व व्यापक तौर पर विरोध भी उभरने लगे हैं।

# क्या आप भी कर रहे हैं कड़ाके की ठंड में हीटर का इस्तेमाल, जान लें इसके नुकसान

बीते कुछ दिनों में मौसम ने करवट बदली हैं और कड़ाके की ठण्ड पडनी शुरू हो गई हैं। ठिठुरने वाली इस सर्दी में सभी रजाई और कंबल से बाहर निकलना भी पसंद नहीं करते हैं। ऐसी सर्दियों में खासतौर से बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखने की जरूरत होती हैं। सर्दियों में गर्माहट पाने के लिए लोग रूम हीटर का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते है की इस हीटर से निकलने वाली गर्म हवा आपकी सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। जी हां, हीटर के कई साइड इफेक्ट भी हैं जो बढ़ते हुए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको हीटर से होने वाले नुकसान और इसे इस्तेमाल करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के बारे में बताने जा रहे हैं। आइये जानते हैं..

**आंखों में होने लगती हैं खुजली**

हीटर के लगातार चलने से कमरे में मौजूद हवा में नमी खत्म हो जाती है। इसे त्वचा के साथ आंखों की नमी भी खत्म होने लगती है और आंखों में जलन और खुजली होने लगती है। इसलिए हीटर चलाने पर कमरे में पानी भरकर जरूर रखें अगर आंखों में खजली हो रही है तो उसे मसलने की जगह उसमें पानी के छींटें मारें। मसलने से आंखे लाल भी हो सकती हैं।

**सांस के मरीजों के लिए घातक**

रूम हीटर और अंगीठी से निकलने वाली कार्बन मोनोअक्साइड गैस सांस की नली के जरिये शरीर में पहुंचकर श्वसनतंत्र व अस्थमा के मरीजों के लिए घातक साबित हो सकती है। ब्रोंकाइटिस और साइनस से जूझ रहे लोगों की एलर्जी रूम हीटर से बढ़ सकती है। ऐसे लोगों को हीटर के पास बैठने पर कफ बनने लगता है। साथ ही छींक और खांसी आने लगती है। इसके अलावा हदय से जुड़ी बीमारियों का इलाज करा रहे और स्मोकिंग करने वाले लोगों को रूम हीटर चलाकर सोने से कई तरह के खतरे बढ़ जाते हैं।

**स्किन हो जाती है ड्राई**

रूम हीटर्स हवा में मौजूद नमी को सोखकर उसे ड्राई बना देते हैं। इसका असर त्वचा पर भी पड़ता है। हीटर में ज्यादा देर रहने से त्वचा भी ड्राई हो जाती है। इतना ही नहीं ड्राई होने पर त्वचा पर तरह-तरह के इंफैक्शन होते हैं। अगर आपको रूम हीटर चला ही है तो आपको पहले कमरे में एक बाल्टी पानी भर कर रखना चाहिए ताकि कमरे मे नमी बनी रहे। इसके साथ कमरे के खिड़की दरवाजो को पूरी तरह से बंद नहीं करना चाहिए। उन्हें थोड़ा खोल कर रखना चाहिए ताकि बाहर से हवा अंदर आती रहे और वेन्टिलेशन बना रहे।

**त्वचा पर हो सकती हैं झुर्रियां**

जाड़े के मौसम हीटर भले ही थोड़ी राहत पहुंचाता है मगर इसे लगातार इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर झर्झरयां पड़ सकती हैं। दरअसल, हीटर से निकलने वाली गैस त्वचा की क्वालिटी को खराब करती हैं और सोंलग टिशूज को खराब कर देती है। ये टिशूज त्वचा के अंदर होते हैं और इनके खराब होने से पिगमेंटेशन की दिक्कत हो जाती है। हीटर का इस्तेमाल कर भी रही हैं तो कुछ देर के लिए ही करें।

**दम घुटने की समस्या**

इलेक्ट्रीक हीटर्स रूम में मौजूद हवा की नमी को सोखकर हवा को ड्राइ बना देते हैं। ऐसे में वैसे लोग जो पहले से ही सांस संबंधी किसी तरह की बीमारी से पीडिघ्त हैं उन्हें सफोकेशन यानी दम घुटने की दिक्कत महसूस होने लगती है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको हीटर इस्तेमाल करते वक्त रूम में एक बाल्टी भरकर पानी रखना चाहिए।

साथ ही हीटर यूज करते वक्त सभी खिड़की-दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं कर देने चाहिए बल्कि थोड़ा बहुत वेन्टिलेशन जरूर रखना चाहिए।

# अर्थव्यवस्था : मुश्किलों के बावजूद मजबूती

**अमेरिका में नवम्बर में महंगाई दर 7.1 प्रतिशत रही जबकि अक्टूबर में 72 प्रतिशत रही थी। वहीं, सितम्बर में यह 82 प्रतिशत थी। जनवरी के बाद से महंगाई दर में यह सबसे कम बढ़ोतरी है। अमेरिका में महंगाई की ऊपरी सहनशीलता सीमा 2 प्रतिशत है। वहां बेरोजगारी दर नवम्बर में 37 प्रतिशत रही जो सितम्बर में 35 प्रतिशत थी। अमेरिका में बेरोजगारी दर में अभी और भी तेजी आने के आसार हैं। अमेरिका के केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व के अनुसार यह बढ़कर 44 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यूरोपीय संघ के सांख्यिकी कार्यालय यूरो स्टेट के मुताबिक नवम्बर में यूरोपीय संघ में महंगाई दर 109 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो सितम्बर से दहाई अंक में बनी हुई है, जबकि अगस्त में यह 9.1 प्रतिशत थी। यूरो स्टेट के अनुसार अक्टूबर में यूरोपीय संघ में बेरोजगारी दर 117 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त और सितम्बर में 116 प्रतिशत थी। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में वहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 11.1 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो 1981 के बाद सबसे ऊंची दर है। वहीं, सितम्बर में ब्रिटेन में बेरोजगारी दर 4.1 से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गई है।**

**सतीश सिंह**

यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध, कोरोना महामारी और वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक संकट की स्थिति बनी होने के कारण ईधन और कई उत्पादों की वैश्विक स्तर पर किल्लत 2023 में भी बनी रहेगी और अधिकांश देश महंगाई से परेशान रहेंगे।

हालांकि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी क्योंकि भारत महवपूर्ण आर्थिक मानकों में उम्दा प्रदर्शन कर रहा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 63 प्रतिशत रही जबकि पहली तिमाही में यह 135 प्रतिशत थी। पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में यह 4.1 प्रतिशत थी और दिसम्बर तिमाही में 54 प्रतिशत रही थी, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर 87 प्रतिशत थी। इस तरह, वित्त वर्ष 2021-22 की तीसरी तिमाही से चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर में मामूली कमी दर्ज की गई लेकिन समग्र रूप से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान जीडीपी में 87 प्रतिशत की प्रभाव-शाली वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही के दौरान भी जीडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है, लेकिन चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही से दूसरी तिमाही में जीडीपी में महवपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है। फिर भी, पूरे वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर के 700 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है, जो दुनिया के विकसित देशों से बेहतर है।

सेंटर फर मनिटरिंग इंडियन इकनमी (सीएमआईई) के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान सभी उम्र वर्ग में शहरी बेरोजगारी की दर 76 प्रतिशत रही जो अप्रैल में 922, मई में 821 और जून में 73 प्रतिशत रही। इस तरह, शहरी बेरोजगारी दर में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से तुलना की जाए तो ये आंकड़े सकारात्मक हैं। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में शहरी बेरोजगारी दर 127 प्रतिशत रही थी, जो कोरोना महामारी के दौर की तुलना में बेहतर है। अप्रैल से जून, 2020 के दौरान तो शहरी बेरोजगारी दर बढ़कर 209 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई थी।

ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर अगस्त में 768 प्रतिशत थी, जो सितम्बर में घटकर 584 प्रतिशत रह गई। हालांकि, सीएमआईई द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार समग्र बेरोजगारी दर सितम्बर के 64 प्रतिशत से बढ़कर अक्टूबर में 78 प्रतिशत हो गई है, जिसमें शहरी क्षेत्रों के मुकाबले गांवों में हालात ज्यादा खराब हैं। यह आर्थिक गतिविधियों और विकास दर में गिरावट आने की वजह से है। उपभोक्ता मूल्य पर आधारित महंगाई



दर (सीपीआई) नवम्बर में घटकर 588 प्रतिशत रह गई, जबकि अक्टूबर में यह 677 और सितम्बर में 741 प्रतिशत थी। नवम्बर में पहली बार खुदरा महंगाई दर 11 महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गई। यह रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा 600 प्रतिशत से नीचे है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई भी नवम्बर महीने में घटकर 585 प्रतिशत रह गई जो 21 महीनों का सबसे निचला स्तर है।

अमेरिका में नवम्बर में महंगाई दर 7.1 प्रतिशत रही जबकि अक्टूबर में 72 प्रतिशत रही थी। वहीं, सितम्बर में यह 82 प्रतिशत थी। जनवरी के बाद से महंगाई दर में यह सबसे कम बढ़ोतरी है। अमेरिका में महंगाई की ऊपरी सहनशीलता सीमा 2 प्रतिशत है। वहां बेरोजगारी दर नवम्बर में 37 प्रतिशत रही जो सितम्बर में 35 प्रतिशत थी। अमेरिका में बेरोजगारी दर में अभी और भी तेजी आने के आसार हैं। अमेरिका के केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व के अनुसार यह बढ़कर 44 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यूरोपीय संघ के सांख्यिकी कार्यालय यूरो स्टेट के मुताबिक नवम्बर में यूरोपीय संघ में महंगाई दर 10.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो सितम्बर से दहाई अंक में बनी हुई है, जबकि अगस्त में यह 9.1 प्रतिशत थी। यूरो स्टेट के अनुसार अक्टूबर में यूरोपीय संघ में बेरोजगारी दर 11.7 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त और सितम्बर में 116 प्रतिशत थी। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में वहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 11.1 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो 1981 के बाद सबसे ऊंची दर है। वहीं, सितम्बर में ब्रिटेन में बेरोजगारी दर 4.1 से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गई है।

देश में सितम्बर में जीएसटी संग्रह 26 प्रतिशत बढ़कर 148 लाख करोड़ रुपये रहा जबकि अक्टूबर में यह 150 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया था। नवम्बर में भी जीएसटी संग्रह 146 लाख करोड़ रुपये रहा। यह लगातार नौवां महीना है, जब जीएसटी संग्रह 140 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह नवम्बर तक 877 लाख करा-ेड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि 10 नवम्बर तक करपोरेट सकल कर संग्रह 1054 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 3069 प्रतिशत अधिक है। सकल आयकर संग्रह और करपोरेट कर संग्रह में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में क्रमशरू 4064 और 2203 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक के अनुसार 18 नवम्बर को समाप्त पखवाड़े में भारतीय बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष ाण 13329 लाख करोड़ रुपये था, जबकि पिछले साल 19 नवम्बर को समाप्त पखवाड़े में यह 11396 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह, 1 साल के अंदर ाण वितरण में 1696 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि बाजार में उधारी का उठाव बना हुआ है, और आर्थिक गतिविधियों में निरंतर तेजी आ रही है।वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में निर्यात अक्टूबर, 2022 में 4233 प्रतिशत बढ़कर 3547 अरब डलर पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितम्बर में निर्यात 1696 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23188 अरब डलर रहा। 11 नवम्बर, 2022 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1472 अरब डलर बढ़कर 544715 अरब डलर के स्तर पर पहुंच गया। पड़ताल से साफ है, दुनिया के विकसित देश मंदी की गिरफ्त में आने के कगार पर हैं, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत जीडीपी, बेरोजगारी और महंगाई के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के कई अन्य पैमानों पर भी दुनिया के विकसित देशों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

# हेमंत सरकार का संकट टल गया!



अमित शाह ने अपनी झारखंड यात्रा में जो कुछ कहा क्या उससे यह अंदाजा लगाया जाए कि राज्य सरकार के ऊपर मंडरा रहा खतरा टल गया है? ध्यान रहे अमित शाह ने एक तरह से यह साफ किया कि उन्होंने या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कभी भी राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास नहीं किया लेकिन राज्य सरकार को और राज्य की राजनीति को जानने वालों को पता है कि कितना गंभीर प्रयास हुआ था। कम से कम दो बार राज्य सरकार गिरने की कगार पर पहुंच गई थी। कांग्रेस के विधायक पाला बदलने को तैयार बैठे थे लेकिन सही समय पर मिली सूचना के आधार पर हेमंत सोरेन सरकार ने सारा प्लान फेल कर दिया। अब अगले चुनाव में कम समय बचा है इसलिए माना जा रहा है कि अब सरकार गिराने का प्रयास नहीं होगा। झारखंड के राज्यपाल ने एकाध एटम बम फूटने की जो बात कही थी लगता है उसे भी टाल दिया गया है।

अमित शाह ने इसका भी संकेत दिया, जब उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में झारखंड में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। इसका मतलब है कि झारखंड का चुनाव तय समय पर यानी नवंबर 2024 में ही होगा। भाजपा के जानकार सूत्रों का यह भी कहना है कि अगले साल मई में लोकसभा के साथ झारखंड विधानसभा का चुनाव नहीं होगा। चुनाव समय पर ही होगा। हालांकि उससे पहले भले सरकार को अस्थिर करने का प्रयास नहीं किया जाए लेकिन सरकार को स्थिर भी नहीं रहने दिया जाएगा। भाजपा का सरकार विरोधी अभियान चलता रहेगा और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई भी चलती रहेगी। मुख्यमंत्री के ऊपर विधानसभा में अयोग्यता और आय से अधिक संपत्ति के मामलों की तलवार लटकी रहेगी। बाकी नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ जांच चलती रहेगी। कारोबारी भी केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर रहेंगे।

# यूएन सवाल और भी हैं



यूक्रेन संकट में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका हाशिये पर चली गई है। ऐसे में जयशंकर के वाजिब सवाल दुनिया का ध्यान शायद ही खींच पाएंगे, क्योंकि इस समय हर विवेकशील व्यक्ति की असली चिंता है संयुक्त राष्ट्र की बढ़ रही अप्रासंगिकता।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा ढांचे पर वाजिब सवाल उठाए हैं। उनकी इस बात से शायद ही कोई असहमत होगा कि यह ढांचा वर्तमान विश्व का उचित प्रतिनिधित्व नहीं करता। मसलन, इसकी सुरक्षा परिषद में अफ्रीका और लैटिन अमेरिका की स्थायी नुमाइंद्गी नहीं है।

उधर इस वर्ष यह विसंगति भी सामने आएगी कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश (यानी भारत) सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं होगा। जयशंकर ने अस्ट्रिया के एक टीवी चौनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि जिन देशों को स्थायी सदस्यता मिली हुई है, वे इसके श्आनंद को दूसरों के साथ बांटना नहीं चाहते। ये तमाम वाजिब बातें हैं, जो दशकों से कही जाती रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में सुधार कर इसे अधिक प्रातिनिधिक बनाया जाए, यह मांग भी दशकों पुरानी हो चुकी है। लेकिन ये मांगें कहीं पहुंचती मालूम नहीं पड़तीं। इस बीच भारत, जापान, जर्मनी और ब्राजील जैसे देशों की ढांचे में सुधार की मांग को बाकी दुनिया का समर्थन नहीं मिला है, क्योंकि उन हिस्सों में ये धारणा रही है कि ये देश अपने हित को आगे बढ़ाने की मुहिम चला रहे हैं।

ऐसी धारणा बनने के पीटे एक वजह इन देशों का अपना व्यवहार भी रहा है। इस आरोप में दम है कि अपने हित साधने के प्रयास में इन देशों ने व्यापक विश्व हित का बिना ख्याल किए फौरी समीकरण बना लेने में कोई हिचक नहीं दिखाई है। इस बीच अमेरिका ने सवा दो दशक पहले ही खतरे के अनुमान पर एकतरफा कार्रवाई का सिद्धांत न सिर्फ अपना लिया, बल्कि सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा भी कर दी। उसके बाद लगभग हर स्थायी सदस्य देश ने संयुक्त राष्ट्र की अनदेखी करते हुए अपने हित में कदम उठाए। जब स्थायी सदस्य ही संयुक्त राष्ट्र की भूमिका की ऐसी अनदेखी करते रहे हों, इस मंच से किसी समस्या के समाधान में सार्थक हस्तक्षेप की उम्मीद का क्षीण होते जाना लाजिमी ही है। यूक्रेन संकट में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका हाशिये पर चली गई है। ऐसे में जयशंकर के वाजिब सवाल दुनिया का ध्यान शायद ही खींच पाएंगे, क्योंकि इस समय हर विवेकशील व्यक्ति की असली चिंता है संयुक्त राष्ट्र की बढ़ रही अप्रासंगिकता।

# भारत जोड़ो यात्रा : सफलता-विफलता के बीच

**डा. अजय तिवारी**

सामाजिक-राजनीतिक जीवन में बदलाव की आहट बहुत-से रूपों में निलती है। एक धारणा के अनुसार कुछ राजनीतिज्ञ श्मौसम विज्ञानी होते हैं।

आने वाले बदलाव की आहट सबसे पहले पा जाते हैं, और समय रहते पाला बदल लेते हैं। इसलिए सरकारें बदलती हैं, लेकिन वे मंत्रिमंडल में सुशोभित रहते हैं। लेकिन बुद्धिजीवियों को यह श्रेय नहीं दिया जाता जबकि वे सामाजिक मनोविज्ञान, राजनीतिक गतिविधियों और आर्थिक परिवर्तनों का अध्ययन-विश्लेषण करके बदलाव की ओर संकेत करते हैं।

मार्क्स कहते थे कि बौद्धिक हलचलें सतह के नीचे उठते परिवर्तन की आहट देती हैं क्योंकि श्मस्तिष्क अनेक सूक्ष्म तंतुओं द्वारा समाजरूपी शरीर से जुड़े रहते हैं। इस बात को हम भारतीय राजनीतिक संदर्भ में भी देख सकते हैं। 2012-13 में दक्षिणपंथी अर्थशास्त्री स्वामीनाथन एस. अंकलेसरिया अय्यर ने कांग्रेस की आर्थिक नीतियों की तीखी आलोचना चालू कर दी थी। उनकी आलोचना का प्रमुख मुद्दा कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाएं भी थीं। वेसरकारी रियायतों का विरोध करते थे, बाजार द्वारा कीमतों के नियंत्रण का पूर्ण समर्थन करते रहे, यहां तक कि पेट्रोल को उसी समय सौ रुपये लीटर करने की वकालत करते थे। इसके लिए वे भाजपा की, उससे भी अधिक मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते थे। इस प्रशंसा का आधार श्गुजरात मडल था जिसे करपोरेट-फ्रेंडली माना जाता रहा है। स्वामीनाथन अय्यर करपोरेट-परस्त नीतियों के जोरदार समर्थक रहे हैं। वे पश्चिम के उन अर्थशास्त्रियों के विरोधी हैं, जो भूमंडलीकरण की असंगतियों की चर्चा करते हैं। भूमंडलीकरण से देशों और समाजों में बढ़ती आर्थिक खाई को अय्यर विकास का प्रेरक मानते हैं। इन आर्थिक नीतियों की प्रशंसा के साथ संघ-भाजपा की सांप्रदायिक नीतियां भी उन्हें आपत्ति का विषय नहीं लगती थीं। बल्कि कांग्रेस की सेक्युलरिज्म की नीति में उन्हें खोट दिखता था।

इसका अर्थ है कि आर्थिक नीति और सामाजिक नीति में अंतर्विरोध होने पर उनका बल आर्थिक नीतियों पर था। इससे साबित है कि भारत का करपोरेट जगत और उसका समर्थक बुद्धिजीवी 2014 के बदलाव के लिए पूरी तरह न सिर्फ तैयार था बल्कि उसके लिए वातावरण बनाने में भी संलग्न था। इधर इन दक्षिणपंथी करपोरेट समर्थक बुद्धिजीवियों का रुख बदला-बदला है।



इसके उदाहरण के रूप में स्वामीनाथन अय्यर को ही लें। उन्होंने राहुल गांधी के विचारों की सेक्युलर धुरी की प्रशंसा शुरू की है। अभी पहली जनवरी 2023 को एक अंग्रेजी अखबार में अपने स्तंभ श्स्वमिनामिक्स में उन्होंने कहा है, श्नरम हिंदुत्व के स्थान पर घृणा के प्रति कड़ा रुख स्वागतयोग्य है। कारण यह कि उग्र हिंदुत्व के विरुद्ध लड़ाई नरम हिंदुत्व से नहीं लड़ी जा सकती, लड़कर भी नहीं जीती जा सकती। श्हिंदू राष्ट्रवादियों की आलोचना करते हुए स्वामीनाथन ने लिखा है कि श्हिंदुत्व सहिष्णुता का द्योतक है, घृणा का नहीं। इसीलिए जो लोग मानते हैं कि सेक्युलरिज्म को बढ़ावा देना हिंदू भावनाओं को आहत करता है, वे हिंदुत्व को बिल्कुल नहीं समझते।

यह बदला हुआ स्वर है, जिसके लिए आर्थिक प्रश्न के साथ सामाजिक सौहार्द का पक्ष भी महवपूर्ण है। यह नजरिया वामपंथी या मध्यमार्गी बुद्धिजीवी नहीं, घोषित रूप में दक्षिणपंथी बुद्धिजीवी का है। सामाजिक सौहार्द को पिछले आठ-नौ वर्षों में इतनी क्षति पहुंची है कि राहुल गांधी श्भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं, जिसे हर क्षेत्र में प्रत्येक जन-समुदाय का व्यापक समर्थन मिल रहा है। स्वामीनाथन ने लक्षित किया है कि इस यात्रा के चलते राहुल की श्पप्पू छवि के भीतर से एक अधिक ठोस चीज निकल कर आई है। इस यात्रा की दृश्यावली भव्य है लेकिन राहुल और कांग्रेस के सामने इस यात्रा के नतीजों को सहेजने की जिम्मेदारी है। इसके बिना इस यात्रा के सुफल को वोट में नहीं ढाला जा सकता। खुद भाजपा ने यात्रा के लोकव्यापी प्रभाव को स्वीकार किया है। स्वामीनाथन ने इस स्वीति को महवपूर्ण माना है।

राहुल ने संघ-भाजपा की विचारधारा से सीधे टकराव का रास्ता चुना है। सावरकर के माफीनामे को उन्होंने सोच-विचारकर मुद्दा बनाया है। कुछ समाज वैज्ञानिकों के अनुसार राहुल ने यह गलती की। इससे उनकी यात्रा का उद्देश्य भटकता है। लेकिन अय्यर मानते हैं कि राहुल ने यह उचित किया। एक तो इससे इतिहास के पुर्नेखन की कोशिशों में जो विति लाने का प्रयास किया जा रहा है, उस पर ध्यान केंद्रित होगा, दूसरे नरम हिंदुत्व की बजाय धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों के लिए प्रतिबद्धता स्पष्ट होगी। खुद अय्यर का विचार है कि कांग्रेस को सेक्युलरिज्म पर दृढ़तापूर्वक लौटना चाहिए क्योंकि सांप्रदायिक सौहार्द केवल धर्मनिरपेक्षता का अंग हो सकता है।

इस आकलन का महव यह है कि दक्षिणपंथ में नीतियों को लेकर विशेषतरू सांप्रदायिकता के प्रश्न पर एकमतता नहीं है. इस कारण आर्थिक मुद्दों पर आपसी सहमति गौण हो जाती है। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस और भाजपा की आर्थिक नीतियों में कोई मौलिक अंतर नहीं है। अंतर है सामाजिक-सांसतिक नीतियों में। चूंकि वामपंथ का अस्तित्व हाशिये पर चला गया है, इसलिए दक्षिणपंथ में नीतिगत भिन्नता का लाभ मध्यमार्गी कांग्रेस को मिलना निश्चित है।

बेशक, इसके लिए कांग्रेस को सांगठनिक दृष्टि से भाजपा के मुकाबले में सक्षम होना पड़ेगा। यह काफी दुष्कर कार्य है। संघ ने अपने आनुषांगिक संगठनों और अपने प्रभाव के व्यक्तियों के माध्यम से जितना सघन और व्यापक ताना-बाना बना लिया है, उसका मुकाबला अंतर्कलह से जूझती और स्थानीय क्षत्रपों के आगे बेबस कांग्रेस के वश का नहीं है। संयोग नहीं है कि राहुल एक ओर भाजपा की सांप्रदायिक नीतियों से सीधे टकराने की नीति पर चल रहे हैं, तो दूसरी और आरएसएस को अपना प्रेरणा स्रेत भी बता रहे हैं। नीतियों में भाजपा से अलगाव और सांगठनिक स्तर पर संघ से सीख-यह द्वंद्वात्मक रुख राहुल की बढ़ती राजनीतिक परिपक्वता का द्योतक है। यह कांग्रेस के चिर-परिचित व्यवहार की आवृत्ति भर नहीं है। ज्यों-ज्यों भाजपा सरकार की असफलताओं से जनता की तकलीदें बढ़ती जा रही हैं, त्यों-त्यों राहुल का रुख ग्राह्य बन रहा है।

## हज पर जाने वालों के लिए खुशखबरी, सऊद्दी अरब ने यात्रियों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हज यात्रियों के लिए 2023 खुशखबरी लेकर आया है। खबर है कि सऊद्दी अरब ने इस साल हज पर आने वाले यात्रियों की संख्या पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। साथ ही उम्र की भी कोई सीमा नहीं होगी। सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सरकार ने यह जानकारी दी है। 2020 और 2021 में कोविड-19 महामारी के चलते हज यात्रियों की संख्या घट गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सऊद्दी अरब के हज और उमराह मंत्री तौफीक अल-राबिया ने बताया है कि इस साल हज में शामिल होने वाले यात्रियों की संख्या कोविड से पहले की तरह होगी। मंत्रालय ने ट्वीट किया कि हज एक्सपो 2023 के उद्घाटन में मंत्री डक्टर तौफीक अल राबिया ने घोषणा की है कि 1444ध में हज यात्रियों की संख्या कोरोनावायरस महामारी से पहले की स्थिति में बगैर किसी उम्र की सीमा के लौट जाएगी।

## आवारा कुत्तों का आतंक, बेसहारा महिला को नोच-नोच कर मार डाला

**धारवाड़ (एजेंसी)।** कर्नाटक के धारवाड़ जिले में मंगलवार को एक भयानक घटना में एक बेसहारा महिला को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोच कर मार डाला। महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक, घटना उप्पिना बेतागेरी खबरस्तान गांव में तड़के हुई। महिला इलाके में भीख मांगकर अपना गुजारा करती थी। जब वह गांव में एक इमारत के पास सो रही थी तो कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया।

अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसके अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कीं। ग्रामीणों ने शिकायतों के बाद भी कुत्तों के खतरे को गंभीरता से नहीं लेने के लिए अधिकारियों की निंदा की। वे मांग कर रहे हैं कि कम से कम अब कुत्तों के खतरे के मुद्दे का समाधान किया जाना चाहिए। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कोर्ट ने आफताब की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साकेत कोर्ट ने मंगलवार को अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वाकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी। पूनावाला को मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के सामने पेश किया गया। इस दौरान उसने कानून की किताबों की मांग की। अदालत ने जेल अधिकारियों को उसे गर्म कपड़े मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। 6 जनवरी को पूनावाला ने अपने डेबिट और क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए अदालत में एक आवेदन दिया, जिसमें दैनिक वस्तुओं के साथ-साथ गर्म कपड़े खरीदने के लिए धन की आवश्यकता का हवाला दिया।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ी, ईसी ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

**इस्लामाबाद एजेंसी,।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इमरान खान के खिलाफ जमानती वारंट जारी हो गया है। इमरान खान के खिलाफ यह गिरफ्तारी वारंट अवमानना के एक मामले में जारी हुआ है।

पाकिस्तान के इलेक्शन कमीशन की चार सदस्यीय पीठ ने यह वारंट जारी किया है। इस मामले पर सुनवाई करते हुए निसार दुरानी की अगुवाई में चार सदस्यीय बेंच ने अपना फैसला सुनाया।

### तीन सूत्रीय रोडमैप से होगी देश की ऊर्जा सुरक्षा

# 2040 तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन का निर्यातक देश बन सकता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूक्रेन-रूस युद्ध ने जिस तरह से वैश्विक ईंधन बाजार में भारी उथल पुथल मचाया है और कई देशों में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है उससे सबक सीखते हुए भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा नीति को मजबूत कर रही है। देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार चार सूत्रीय रोडमैप पर काम कर रही है जिसकी जानकारी पेट्रोलियम व प्रातिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को दी।

इस रोडमैप के तहत ज्यादा से ज्यादा देशों से क्रूड की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही वर्ष 2040 तक हरित ईंधन मार्केट में भारत को एक वाश्विक हब के तौर पर स्थापित करने का उद्देश्य रखा गया है।

वैसे इस रोडमैप के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से नहीं बताया गया है लेकिन इसके लागू होने से अपनी जरूरत के लिए आयातित ईंधन पर निर्भर भारत वर्ष 2040 तक पर्यावरण अनुकूल ईंधन का निर्यातक देश बन सकता है।

पुरी ने बताया कि श्दुनिया वर्ष 1973 के बाद से सबसे बड़े ऊर्जा संकट से



गुजर रहा है लेकिन भारत पर खास असर नहीं हुआ है। भारत की रणनीति का एक अहम हिस्सा ज्यादा से ज्यादा देशों से कच्चे तेल की खरीद करना है। वर्ष 2006-07 में भारत 27 देशों से कच्चे तेल की खरीद करता है जबकि वर्ष 2021-22 में 39 देशों से इसकी खरीद कर रहा है। आज की तारीख में भारत कोलंबिया, रूस, लीबिया, गैबोन, इक्वेटोरिएल गिनिया जैसे देशों से कच्चे तेल की खरीद रहा है।श

उन्होंने कहा, श्इस वजह से दिसंबर, 2021 से दिसंबर, 2022 के दौरान भारत में डीजल की कीमतों में सिर्फ तीन रुपये प्रति लीटर का इजाफा हुआ है जबकि अमेरिका में 34 फीसद, कनाडा में 36 फीसद, स्पेन में 25 फीसद और बिर्टेन में 10 फीसद महंगा हुआ है। नवंबर, 2021 और मई, 2022 में दो बार उत्पाद शुल्कों में कटौती की गई और कई राज्यों ने भी वैट की दरों को घटाया जिसकी वजह से जनता पर ज्यादा बोझ नहीं पड़ा। घरेलू स्तर पर क्रूड उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने वर्ष 2030 तक 10 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कच्चे तेल की खोज व उत्खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा है।श

बताते चलें कि भारत अपनी जरूरत का 86-87 फीसद कच्चा तेल आयात करता है। घरेलू स्तर पर क्रूड उत्पादन बढ़ाने की सरकार की पिछले एक दशक की कोशिशों का अभी तक कोई खास असर नहीं दिखा है।सरकार की रोडमैप में देश की पूरी इकोनोमी में गैस पर निर्भरता को बढ़ाना भी शामिल है। अभी देश की इकोनोमी का तकरीबन 6 फीसद गैस पर निर्भर है जिसे वर्ष 2030 तक बढ़ा कर 15 फीसद किया जाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने में देश में एथनोल व दूसरे बायोगैस के उत्पादन को तेज करना एक अहम कड़ी होगी।

पुरी ने बताया कि वर्ष 2025-26 से देश में 20 फीसद एथनोल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री शुरू हो जाएगी, वैसे इसका लक्ष्य पहले वर्ष 2030 तक तय किया गया था। वर्ष 2025-26 के बाद सरकार एथनोल मिश्रण को क्रमबद्ध तरीके से बढ़ा कर 50 फीसद तक करने के विकल्प का अध्ययन कर रही है। इस बारे में हाल ही में विभिन्न मंत्रालयों और आटोमोबाइल उद्योग के साथ बातचीत भी हुई है। ऊर्जा सुरक्षा रणनीति के तहत देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना भी एक अहम कड़ी होगी।

केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते ही देश में 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन गैस का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए 19,800 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। इस कड़ी में सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों के मौजूदा पेट्रोल पंपों को इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन में बदलना भी शामिल है। सरकार ने वर्ष 2030 तक पांच लाख मेगावाट बिजली रिनीवेबल सेक्टर से बनाने पर काम कर रही है जो इस रोडमैप का एक अहम हिस्सा है। इन सारे कदमों से वर्ष 2070 तक भारत को जीरो नेट (कोई कार्बन उत्सर्जन नहीं) बनाने में मदद मिलेगा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के थिंक टैंक के पास मिले गुप्त दस्तावेज, एक्शन में न्याय विभाग

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका से बडी सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के थिंक टैंक सेंटर (निजी कार्यालय) जिसे वह कभी-कभी अफिस के रूप में इस्तेमाल करते हैं, उसमें कुछ गुप्त दस्तावेज पाए गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया, ये दस्तावेज उस समय के हैं जब जो बाइडन बराक ओबामा के शासन में उपराष्ट्रपति हुआ करते थे।दस्तावेज सामने आने के बाद उन्हें राष्ट्रीय अभिलेखागार को सौंप दिया गया है। बाइडन के विशेष वकील रिचर्ड सबर ने बताया, न्याय विभाग इन दस्तावेजों की जांच कर रहा है और राष्ट्रीय अभिलेखागार उसमें सहयोग भी कर रहा है।

सबर ने कहा, ये दस्तावेज तब सामने आए हैं, जब राष्ट्रपति बाइडन के निजी वकील पेन बाइडन सेंटर में कार्यालय की जगह खाली करने की तैयारी कर रहे थे और फाइलों को पैक कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2017 से 2020 तक इस स्थान का उपयोग अपने कार्यालय के लिए किया। सबर ने कहा, दस्तावेज सामने आने के अगले ही दिन राष्ट्रीय अभिलेखागार ने उन्हें अपने कब्जे में ले लिया था।मामला सामने आने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन के विपक्षी नेताओं ने उनकी आलोचना शुरू कर दी है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे जूनियर ट्रंप ने एक ट्वीट में कहा, हमें महीनों तक बताया गया कि महाभियोग के लिए देशद्रोही आधार है और इसके लिए मृत्युदंड भी है। फिर भी मुझे पता है कि कुछ नहीं होगा। इसके अलावा सीनेटर मार्शा ब्लैकबर्न ने कहा, यह पता चला है कि जो बाइडन के निजी कार्यालय में कुछ गुप्त दस्तावेज पाए गए हैं। वे वहां क्यों थे?

## जमीन के नीचे धधकती आग से लाखों जिंदगियां खतरे में, केंद्र ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के झरिया में दशकों से जमीन के अंदर धधक रही आग और अनगिनत दरारों से उठते धुएं के बीच लाखों लोगों की जिंदगियां खतरे में हैं। झरिया में कोयला खदानों का संचालन करने वाली कंपनी बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लि) ने बीते सितंबर महीने में ही पूरे शहर को असुरक्षित कर इसे खाली करने का नोटिस जारी किया था। अब केंद्र सरकार ने इस शहर की बड़ी आबादी को यहां से हटाकर सुरक्षित जगहों पर बसाने के प्रस्तावित संशोधित मास्टर प्लान पर एक बार फिर मंथन शुरू किया है।

आगामी 27 जनवरी को केंद्रीय कैबिनेट सचिव इस मसले पर हाई लेवल मीटिंग करेंगे। इसमें कोयला सचिव, झारखंड के मुख्य सचिव और कोयला कंपनियों बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लि) और ईसीएल (ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि) के आला अधिकारी भी भाग लेंगे। कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने बीते सोमवार को कोयला कंपनियों की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी।

बता दें कि कोयले के भंडार के ऊपर बसे झरिया की भौंरा कोलियरी में वर्ष 1916 में पहली बार आग लगी थी। इसके बाद धीरे-धीरे यहां के बाकी इलाकों में भी जमीन के अंदर आग फैलती चली गई। एक शताब्दी बाद भी यहां की आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दर्जनों योजनाओं और बेहिसाब खर्च के बाद भी आग का दायरा लगातार बढ़ता गया। इलाके में भू-धंसान की हजारों घटनाएं हो चुकी हैं।

# पेशाब कांड और बम की अफवाह से लेकर यात्रियों को छोड़ उड़ गया विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** हाल के दिनों में एयरलाइन्स से जुड़ी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं से यात्रियों और एयरलाइन्स दोनों को झटका लगा है, क्योंकि एक तरफ जहां विमानों की शाख पर असर पड़ा है। वहीं, दूसरी ओर यात्री भी यात्रा से पहले विमानन कंपनी सेलेक्ट करने से पहले कई बातें सोचने लगे हैं। इन हालिया घटनाक्रम में यात्रा के दौरान सहयात्री पर पेशाब करना, विमान में बम की धमकी का अफवाह, यात्रियों को छोड़कर विमान का उड़ जाना और खाने में पत्थर मिलना इत्यादि शामिल हैं। हालांकि, इन सभी घटनाओं पर डीजीसीए ने संज्ञान लिया है और उचित कार्रवाई जारी है।

सोमवार को बेंगलुरु से दिल्ली जाने वाली घरेलू एयरलाइंस गो फर्स्ट की एक फ्लाइट ने हवाईअड्डे पर 55 यात्रियों को छोड़कर ही उड़ान भर दी। पीटे टूटे यात्री सवार होने के लिए एक शटल बस में इंतजार कर रहे थे। छोड़े गए यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया और इसे एयरलाइंस की घोर लापरवाही बताया। इस घटना पर डीजीसीए ने मंगलवार को गो फर्स्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं, इससे पहले विमानन नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन से रिपोर्ट मांगी थी।

मास्को से गोवा जाने वाली एक फ्लाइट में सोमवार को बम होने की अफवाह मिली थी। ऐसी सूचना मिलने के बाद गुजरात के जामनगर की ओर विमान को मोड़ दिया गया। जामनगर के जिलाधिकारी ने बताया कि हमें लगता है कि बम की धमकी एक फर्जी ई-मेल थी। जामनगर में सभी 236 यात्रियों और चालक दल के आठ सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया और पुलिस ने स्थानीय अधिकारियों और बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) के साथ विमान की जांच की लेकिन



कुछ नहीं मिला।

सोमवार को ही दिल्ली से भुवनेश्वर के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा फ्लाइट यूके 781 में टेक-अफ के तुरंत बाद एक मामूली तकनीकी खराबी का पता चला। तकनीकी खराबी की सूचना मिलने के बाद पायलटों विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया और विमान दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। बता दें कि विस्तारा की उड़ान में हाइड्रोलिक सिस्टम की समस्या आई थी। इस घटना को लेकर विमानन कंपनी ने खेद प्रकट किया।

एयर इंडिया की विमान में यात्रा करने वाली एक महिला ने 8 जनवरी को उड़ान के दौरान परोसे जाने वाले भोजन में कंकड़ मिलने की शिकायत की थी। यात्री ने इस मुद्दे को ट्विटर पर उठाया था। उन्होंने लिखा था कि इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, श्आपको कंकड़ मुक्त भोजन सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों और पैसों की आवश्यकता नहीं है। आज की उड़ान ए 215 में परोसे गए मेरे भोजन में मुझे यही मिला। इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है।श

एयर इंडिया की न्यूयर्क से दिल्ली आने वाली 26 नवंबर की फ्लाइट में सवार एक यात्री ने बुजुर्ग महिला पर पेशाब कर दिया था, लेकिन एयर इंडिया ने 28 दिसंबर को पुलिस को इसकी शिकायत की।

इस मामले में एयर इंडिया डायरेक्टोरेट जनरल अफ सिविल एविएशन (क्ळब।) को भी अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसके बाद, 6 दिसंबर को भी एअर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री द्वारा पेशाब किए जाने की घटना सामने आई।

फ्लाइट 142 में सवार एक यात्री ने नशे की धुत में महिला यात्री के कंबल पर पेशाब कर दिया था। यह घटना उस वक्त हुई जब फ्लाइट पेरिस से दिल्ली आ रहा है। हालांकि आरोपी ने महिला यात्री से लिखित में माफी मांग ली थी जिसके बाद उस यात्री पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।

# शहरी जल सुरक्षा को आम बजट में मिलेगी प्राथमिकता

### डेढ़ करोड़ घरों में नल से पानी पहुंचाने की है चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट में शहरी क्षेत्र की जल सुरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जा सकती है। देश के 4500 से अधिक शहरी निकायों के लगभग डेढ़ करोड़ घरों में नल से जलापूर्ति की चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सरकार आम बजट में विशेष प्रावधान करेगी। इसमें शहरी क्षेत्रों के जल स्त्रोतों की सुरक्षा पर विशेष जोर होगा।



नल से जलापूर्ति के अलावा हर घर को सीवर लाइन से जोड़ना सबसे बड़ी चुनौती है। शहरी निकायों में सीवर प्रणाली के मजबूत न होने से कई तरह की मुश्किलें पैदा होने लगी है। सीवेज के प्रदूषित जल की प्रोसेसिंग के लिए नये प्लांट लगाया जाना है। अटल मिशन फार रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफारमेशन 2.0 (अमृत) के शुरु होने के बाद से शहरी जीवन में बदलाव की उम्मीदें बढी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की सफलता के बाद इसे लागू किया गया है।

शहरी क्षेत्रों में पिछले दो सालों में 1.34 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाने की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है, जिससे आने वाले दिनें में इतने लोगों के घर पानी की आपूर्ति शुरू हो जाने की संभावना है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन कर शहरों में आने वाली बड़ी आबादी को संभालना और उसके लिए जल जैसी मूलभूत जरूरी सुविधा प्रधान करना एक अलग चुनौती है। लगभग इतने ही सीवर कनेक्शन देने का प्रविधान किया गया है, जबकि अगले दो वर्षों में इससे कहीं अधिक शहरी घरों में पानी और सीवर कनेक्शन देने होंगे।

एक आंकड़े के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में हर साल पलायन कर आने वाली 30 लाख की आबादी को संभालना आसान नहीं है। आम बजट में इसके लिए भी अतिरिक्त प्रावधान करने होंगे। अमृत 2.0 के लिए 2.77 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया गया है, जिसे वर्ष 2025 तक पूरा करना होगा।

शहरी जलाशयों के पुनरोद्धार, सीवरेज और सेप्टेज मैनेजमेंट, पार्क और हरियाली क्षेत्र को विकसित करने वाली कुल 4830 परियोजनाएं मंजूर की जा चुकी हैं। परियोजना का लक्ष्य 2.68 करोड़ पानी कनेक्शन, 2.64 करोड़ सीवर कनेक्शन और 7151 मिलियन लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने हैं। ट्रीटमेंट प्लांट के निकलने वाले साफ पानी का दोबारा उपयोग करने का लक्ष्य है।

## संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय का सात दिवसीय यूपी दौरा, करेंगे कई विषयों पर मंथन

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) इन दिनों शताब्दी वर्ष की तैयारी मेंजुटा है। इसी के साथ ही एक लाख संघ शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी को देखते हुए सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले यूपी के सात दिन प्रवास पर आज लखनऊपहुंचेंगे। संघ की ओर से मिली जानकारी के अनुसार दत्तात्रेय काशी, गोरक्ष और अवध प्रांत की बैठकों में शामिल होंगे। वह 11 से 13 जनवरी को वाराणसी में काशी और गोरखपुर में बैठक करने जाएंगे। होसबाले 14 जनवरी को लखनऊ प्रांत की बैठक में प्रत्येक ब्लक तक संघ की शाखा स्थापित करने, विस्तारक तैयार करने, अयोध्या में राममंदिर निर्माण सहित राष्ट्रवाद से जुड़े अन्य मुद्दों को जनता के बीच पहुंचाने पर बात करेंगे।

## इस साल यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होंगे 58 लाख परीक्षार्थी

**लखनऊ (एजेंसी)।** 16 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड 2023 की परीक्षाओं के लिए 58 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 31.2 लाख छात्र 10वीं और 27.5 लाख छात्र 12वीं कक्षा के हैं। परीक्षाएं प्रदेश के 75 जिलों के 8,752 केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी। यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला द्वारा जारी 2023 परीक्षाओं की समय सारिणी के अनुसार कक्षा 10 की परीक्षाएं 13 कार्य दिवसों में आयोजित की जाएंगी और 3 मार्च को समाप्त होंगी।

12वीं की परीक्षाएं 14 कार्य दिवसों में आयोजित की जाएंगी और 4 मार्च को समाप्त होंगी।

यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों को पहली बार सिली हुई उत्तर पुस्तिकाएं मिलेंगी। इस कदम का उद्देश्य नकल माफिया को मेधावी छात्रों की उत्तर पुस्तिकाएं बदलने से रोकना है, क्योंकि पिछले वर्षों में स्टेपल हटाकर कपियां बदलने की शिकायतें मिली थीं।

साथ ही छात्रों को दी जाने वाली उत्तर पुस्तिकाओं पर बारकोड और मोनोग्राम होंगे।

उत्तर पुस्तिकाओं में हेरफेर की गुंजाइश को खत्म करने के उद्देश्य से पहल की जा रही है। बोर्ड बारकोड का उपयोग करते हुए कुछ उत्तर पुस्तिकाओं की औचक जांच भी करेगा, जिससे नकल करने वालों पर नकेल कसी जाएगी।यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए तीन करोड़ से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की आवश्यकता होगी।

## महोबा में एक हादसे में 40 भैंसों व 2 लोगों की मौत

**महोबा (एजेंसी)।** महोबा जिले में एक कंटेनर ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 40 भैंसों की मौत हो गई। इस घटना में ट्रक में सवार भैंसों का मालिक व ट्रक के चालक की मौत हो गई। ट्रक में 50 भैंसें लदी थीं, इनमें से 10 की जान बच गई।

पुलिस ने ट्रक चालक की पहचान राजेश पटेल, जबकि भैंसों के मालिक की पहचान मध्य प्रदेश के सागर जिले के राहतगढ़ के छोटे के रूप में की है।घटना उस समय हुई जब तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक सड़क किनारे एक खंभे से टकरा गया और चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया।

मस्जिद के बगल में बनी एक दुकान और एक घर को भी नुकसान पहुंचा है।

एसडीएम व सीओ कुलपहाड़ की देखरेख में सात घंटे के रेस्क्यू अपरेशन के बाद ट्रक के केबिन को गैस कटर से काटकर ट्रक के अंदर फंसे चालक समेत दो लोगों को बाहर निकाला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ ले जाया गया।चालक छोटे व भैसों के मालिक राजेश की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।

## यूपी में एक्सपायर वीजा पर रहने के आरोप में ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**आगरा (एजेंसी)।** भारत में अवैध रूप से रहने के आरोप में उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के अछनेरा ब्लक से एक ईरानी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय बेहरोज वली जादेह दिल्ली से फतेहपुर सीकरी घूमने आया था।

मामला तब सामने आया जब 26 वर्षीय जादेह की एक चाय वाले से बहस हो गई, इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया।बाद में पुलिस ने स्थानीय खुफिया इकाई से मदद मांगी, जिसने पाया कि उसका वीजा 26 अप्रैल, 2021 को समाप्त हो गया था।

# शीतलहर और कोहरे के बाद मौसम की पड़ेगी नई मार

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में ठंड व घने कोहरे का सितम लगातार जारी है। देश के कुछ हिस्सों को आने वाले कुछ दिनों में राहत के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने संभावनाएं जताई हैं कि मंगलवार रात को पहुंच रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर-पश्चिम भारत में अगले 2-3 दिनों में न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक बढने की काफी संभावनाएं हैं। साथ ही आने वाले कुछ दिनों में पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्य बारिश का सामना कर सकते हैं। ऐसे में गलन बढने के चलते पहले ही कोहरे का सामना कर रहे राज्यों को मौसम की नई मार का सामना करना पड़ सकता है।

आईएमडी ने बताया है कि विदर्भ, छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और बिहार में शीतलहर की स्थिति बन सकती है। हालांकि, बुधवार से इन क्षेत्रों में राहत के आसार हैं। अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी और मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में खास बदलाव की संभावनाए नहीं हैं। इसके बाद यह 2-3 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने बताया है कि 11 से 13 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश के सटे इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। जम्मू और कश्मीर में 11-12 जनवरी और हिमाचल प्रदेश मं 12 जनवरी को भारी बारिश या बर्फबारी की संभावनाएं हैं। 10-14 जनवरी के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बारिश हो सकती है। 12-14 जनवरी के बीच अरुणाचल प्रदेश, 13 जनवरी को असम और मेघालय, 11-12 जनवरी के पश्चिम उत्तर प्रदेश, 10-13 जनवरी के बीच उत्तराखंड, 11-13 जनवरी के बीच हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, 11-13 के बीच पंजाब, 10-14 के बीच हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

शीत लहर में मंगलवार के बाद आ सकती है कमी, घना कोहरा अभी और सताएगा

एजेंसी के अनुसार, आईएमडी के ताजा अपडेट के मुताबिक, उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 24 घंटे के बाद शीत लहर की स्थिति में कमी आने की संभावना है। उसने कहा, श्अगले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाया रहेगा और उसके बाद इसकी तीव्रता में कमी आएगी।

# विराट के सामने फीका पड़ा शनाका का शतक




नई दिल्ली, भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच काफी रोमांचक रहा। इस मैच को भारतीय टीम ने 67 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया और सीरीज में 1–0 से बढ़त हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया और मेहमान टीम को 374 रनों का टारगेट दिया। इसके जवाब में श्रीलंका टीम 8 विकेट के नुकसान पर 306 रनों पर ही ढेर हो गई।

दरअसल, भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ((83) और शुभमन गिल (70) ने शानदार शुरुआत करते हुए भारत को एक मजबूत पकड़ दी। इस मैच में विराट कोहली ने भी दमदार शतकीय पारी खेली। ये शतक उनके वनडे करियर का 45वां शतक रहा, वहीं अंतरराष्ट्रीय करियर का ये 73वां शतक रहा। किंग कोहली ने 87 गेंदों का सामना करते हुए 113 रनों की पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 1 छक्के शामिल रहे।374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम की शुरुआत भले ही खराब रही। जहां पहले मोहम्मद सिराज ने फर्नांडो को 5 रनों पर आउट किया। इसके बाद कुशल मेंडिस को शून्य पर क्लीन बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज पाथुम निशंका ने श्रीलंका की पारी को संभाला और मैच में 80 गेंदों पर 72 रनों की पारी खेली। उनके अलावा धनजंया डी सिल्वा ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए। बता दें कि कप्तान दसुन शनाका ने 88 गेंदों का सामना करते हुए 108 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। ये शतक उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा।

# एक बार फिर दिखा उमरान के रफ्तार का कहर, तोड़ दिया अपना ही रिकॉर्ड



गुवाहाटी : भारत के युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने श्रीलंका के विरुद्ध पहले वनडे में 156 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर खुद का रिकार्ड तोड़ दिया। उन्होंने श्रीलंका की पारी के 14वें और अपने दूसरे ओवर में यह गेंद फेंकी और वह भारत के सबसे तेज गेंदबाज भी बन गए। इससे पहले, उमरान ने पहले टी–20 में 155 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंककर जसप्रीत बुमराह का रिकार्ड तोड़ा था। बुमराह ने 153.36 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। इस सूची में 153.3 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ मोहम्मद शमी तीसरे नंबर पर हैं। अब भारत की तरफ से सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड उमरान मलिक के नाम है। इतना ही नहीं उमरान इस मैच में सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने इस मैच में 3 विकेट झटके और महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**वनडे, टी20 और आइपीएल में भी उमरान का धमाल**

टी20 में पहले ही सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके उमरान मलिक अब वनडे क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं बात जब सबसे बड़े टी20 लीग आईपीएल की करें तो वहां भी उमरान मलिक सबसे आगे हैं।

वनडे में उमरान मलिक की सबसे तेज गेंद–156‘

उमरान की सबसे तेज गेंद–155‘

आईपीएल में उमरान की सबसे तेज गेंद– 157‘

पहले बनाया था रिकॉर्ड

इससे पहले उमरान मलिक ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 मैच में 156‘ की स्पीड से गेंद फेंककर जसप्रीत बुमराह के रिकॉर्ड को तोड़ कर भारत की तरफ से सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज बने थे।

# सूर्या–ईशान को बाहर करने पर सोशल मीडिया पर भड़के फैंस, राहुल–द्रविड़ को जमकर लताड़ा



नई दिल्ली, भारतीय टीम और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में श्रीलंकाई कप्तान दसुन शनाका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

इस मैच में टीम इंडिया के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग–क का खुलासा करते हुए हर किसी को हैरान कर दिया। उन्होंने पहले वनडे मैच की प्लेइंग–11 में सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को मौका नहीं दिया। टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर फैंस सोशल मीडिया पर काफी भड़के हुए नजर आ रहे है और तेजी से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है।

बता दें कि भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे मैच में कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग–11 में सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन को मौका नहीं दिया। सूर्य और ईशान दोनों को ही शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रोहित ने उन्हें पहले वनडे मैच से बाहर किया।

श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टी–20 मैच में सूर्या ने महज 55 गेंदों का सामना करते हुए 112 रनों की नाबाद पारी खेली थी, वहीं ईशान का श्रीलंका के खिलाफ टी–20 में कुछ खास प्रदर्शन नहीं रहा, लेकिन उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में रोहित की गैरमौजूदगी में दोहरा शतक जड़ा था।

ऐसे में इन दोनों विस्फोटक बल्लेबाजों को पहले वनडे मैच से ड्रॉप करने के फैसले पर सोशल मीडिया पर फैंस भड़के हुए नजर आ रहे है।

# इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ, पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन का मिला ईनाम



नई दिल्ली, इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रुक को दिसंबर 2022 में जबरदस्त प्रदर्शन के लिए मंगलवार को आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ अवार्ड से नवाजा गया है। उनकी शानदार प्रदर्शन के दम पर ही इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स की अगुवाई में पाकिस्तान को 3–0 से हराया था। ब्रुक को आईपीएल 2023 मिनी प्लेयर नीलामी के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने 13.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। ब्रुक पाकिस्तान में इंग्लैंड की विजयी टेस्ट वापसी के दौरान प्रत्येक मैच में शतक बनाया, जिससे मेहमानों ने 3–0 से जीत दिला दी। 23 वर्षीय बल्लेबाज ने इस सम्मान के लिए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान पहुंचने से पहले सिर्फ एक टेस्ट मैच खेलने के बावजूद, ब्रुक ने अपने आक्रमक स्ट्रोकप्ले और मारक क्षमता के साथ सीरीज में धमाकेदार बल्लेबाजी की। ब्रुक ने कहा, "दिसंबर के लिए आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ का पुरस्कार जीतना एक सम्मान की बात है। पाकिस्तान में टेस्ट सीरीज को 3–0 से जीतना एक अविश्वसनीय उपलब्धि थी और इंग्लैंड के साथ मेरे पहले टेस्ट दौरे में बल्ले से योगदान करना एक सपने के सच होने जैसा था।" ब्रुक ने सम्मान प्राप्त करने पर कहा, "मुझे अपने टीम के साथियों का शुक्रिया अदा करना है कि उन्होंने मुझे अच्छे माहौल में ढलने में मदद की। यह खेलने के लिए एक बेहतरीन टीम है, जहां हम एक–दूसरे के साथ का आनंद लेते हैं और मजे करते हैं। उम्मीद है कि हमारा फॉर्म जारी रहेगा।"

उन्होंने रावलपिंडी में जोरदार तरीके से सीरीज की शुरूआत की, पहली पारी में 19 चौके और पांच छक्के लगाते हुए 153 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने दूसरी पारी में 87 रनों की तेज पारी से सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान पर एक शानदार विजय प्राप्त की जा सके। उन्होंने मुल्तान में 108 और कराची में 111 रन बनाये।

## फिल्मी सफर

# पोन्नियिन सेल्वन–1 सर्वश्रेष्ठ फिल्म की दौड़ में शामिल, पीछे रह गई आरआरआर



एशियन फिल्म अवॉर्ड्स के 16वें संस्करण का आयोजन 12 मार्च को हांगकांग में होगा। एकेडमी ने अवॉर्ड फंक्शन से दो महीने पहले नामांकन सूची जारी कर दी है। इस सूची के अनुसार, एशियन फिल्म अवॉर्ड्स में इस साल केवल दो भारतीय फिल्में ही नामांकन हासिल कर पाई हैं। निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियिन सेल्वन 1 (पीएस–1) छह श्रेणियों में नामांकित हुई है, वहीं निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर केवल दो श्रेणियों में स्थान बना पाई है।एशियन फिल्म अवॉर्ड्स एकेडमी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। एकेडमी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 16वें एशियन फिल्म अवॉर्ड्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस अभी–अभी सफलतापूर्वक समाप्त हुई है! 16वें एशियन फिल्म अवॉर्ड्स का आयोजन 12 मार्च (रविवार) की शाम 7:30 बजे हांगकांग पैलेस संग्रहालय में किया जाएगा। 16वें एशियन फिल्म अवॉर्ड्स के लिए नामांकन सूची जारी कर दी गई है, साथ ही जूरी अध्यक्ष की घोषणा भी हो गई है।

नामांकन सूची के मुताबिक, पोन्नियिन सेल्वन 1 को सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी में नामांकित किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संपादन के लिए श्रीकर प्रसाद, सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी के लिए रवि बर्मन, सर्वश्रेष्ठ संगीत के लिए एआर रहमान, सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइन के लिए एका लखानी और सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन के लिए थोटा थरानी का नाम भी नॉमिनेट हुआ है। बता दें, 250 करोड़ के बजट में बनी पोन्नियिन सेल्वन 1 ने दुनियाभर में 488.36 करोड़ का कलेक्शन किया था।फिल्म आरआरआर के लिए श्रीनिवास मोहन का नाम सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स और अश्विन राजशेखर का नाम सर्वश्रेष्ठ साउंड के लिए नामांकित हुआ है। बता दें, ऑस्कर पुरस्कार के बाद आरआरआर ने बीएएफटीए 2023 में भी अपनी जगह बना ली है। बीएएफटीए में आरआरआर को फिल्म नॉट इन इंग्लिश लैंग्वेज कैटेगरी में जगह मिली है। वहीं, ऑस्कर के लिए आरआरआर के गाने नाटु–नाटु को बेस्ट म्यूजिक (ऑरिजनल सॉन्ग) के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। आरआरआर भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 903.68 करोड़ का कारोबार कर चुकी है, वहीं विदेशों से फिल्म ने 221.32 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके साथ फिल्म की कुल कमाई 1,125 करोड़ तक जा पहुंची है। अलग–अलग भाषा में फिल्म के प्रदर्शन की बात करें तो आरआरआर ने तेलुगू में 428.27 करोड़, हिंदी में 265.42 करोड़, तमिल में 58.48 करोड़, मलयालम में 18.41 करोड़ और कन्नड़ में 1.52 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

# तिग्मांशु धूलिया के साथ काम कर अनुष्का कौशिक रोमांचित हैं, साझा किया अनुभव



घर वापसी, थार और क्रैश कोर्स जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली अनुष्का कौशिक ने अपनी वेब सीरीज गर्मी में निर्देशक तिग्मांशु धूलिया के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात की है। अनुष्का कौशिक ने कहा कि तिग्मांशु सर अपने आप में एक संस्था हैं। कभी–कभी मैं उन सीनों के लिए भी सेट पर बैठ जाती थी जिनमें मैं शामिल नहीं थी। सीन को लेकर हर अभिनेता की अपनी समझ होती है लेकिन तिग्मांशु सर किस तरह सभी को एक साथ एक फ्रेम में लाते हैं, यह जादुई है। कभी–कभी हमारे पास स्क्रिप्ट नहीं होती थी और हम सेट पर जाते थे तो वह हमें बताते थे कि क्या करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में भी यह सबसे दिलचस्प हिस्सा था। छात्र राजनीति पर आधारित वेब सीरीज गर्मी में मुकेश तिवारी, विनीत कुमार और जतिन गोस्वामी भी हैं। अनुष्का के लिए तिग्मांशु के साथ काम करना एक शानदार अवसर है और सीखने का अनुभव भी। अभिनेत्री ने कहा कि तिग्मांशु सर अन्य निर्देशकों से अलग हैं और उनके साथ काम करने में बहुत आनंद आया। अनुष्का कौशिक ने आगे बताया कि अगर मैं तिग्मांशु सर के काम करने के तरीके की बात करूं तो यह उन अन्य फिल्म निर्माताओं से बिल्कुल अलग हैं जिनके साथ मैंने काम किया है क्योंकि उनका सिनेमा अलग है।

# वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर रिलीज, नेटफ्लिक्स पर 13 जनवरी को होगी स्ट्रीम



बॉलीवुड अभिनेता अभय देओल और राजश्री देशपांडे की वेब सीरीज ट्रायल बाय फायर का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है।

यह सीरीज दिल्ली के उपहार सिनेमा अग्निकांड पर आधारित है। इस सीरीज को 13 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रशांत नायर द्वारा निर्देशित इस सीरीज में राजश्री देशपांडे, अभय देओल, राजेश तैलंग, आशीष विद्यार्थी, अनुपम खेर, रत्ना पाठक, शिल्पा शुक्ला और शार्दुल भारद्वाज जैसे कलाकार नजर आएंगे।

1997 में दिल्ली के उपहार सिनेमा में फिल्म के शो के दौरान आग लग गई थी। इस हादसे में 59 लोगों की जान गई थी और 100 से अधिक घायल हुए थे। इस सीरीज में इसी भयावह घटना और उसके बाद के इंसाफ के लिए पीड़ितों की जद्दोजेहद को दिखाया जाएगा। यह सीरीज नीलम और शेखर की किताब ट्रायल बाय फायरः द ट्रैजिक टेल ऑफ द उपहार फायर ट्रैजडी पर आधारित है।

# केजीएफ चैप्टर 3 की शूटिंग में होगी देरी, प्रोड्यूसर विजय किरागंदूर ने बताई वजह



सुपरस्टार यश के जन्मदिन के मौके पर केजीएफ फिल्म सीरीज के प्रोड्यूसर विजय किरागंदूर ने केजीएफ चैप्टर 3 के संबंध में बड़ा अपडेट दिया है। विजय ने बताया कि अब केजीएफ चैप्टर 3 की शूटिंग 2024 में नहीं बल्कि साल 2025 में शुरू होगी, वहीं फिल्म रिलीज 2026 में होगी। अब सवाल यह उठता है कि फिल्म की शूटिंग शुरू होने में इतना वक्त क्यों लग रहा है?

रिपोर्ट के मुताबिक, केजीएफ फ्रेंचाइजी के निर्देशक प्रशांत नील, प्रभास की फिल्म सालार की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म सालार की शूटिंग खत्म करने के बाद प्रशांत, जूनियर एनटीआर की फिल्म पर काम करना शुरू करेंगे। इस तेलुगू फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होगी और अगले साल रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का काम खत्म करने के बाद ही प्रशांत केजीएफ चैप्टर 3 पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

होम्बले फिल्म्स के संस्थापक विजय किरागंदूर और चालुवे गौड़ा ने खुलासा किया था कि उनकी सालार ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी केजीएफ से बड़ी होगी।

उन्होंने कहा था, फिल्म की 80 फीसदी शूटिंग हो चुकी है। केवल क्लाइमेक्स बाकी है, जिसे हम जनवरी में पूरा करेंगे। यह हमारी अब तक की किसी भी अन्य फिल्म से बड़ी होगी। बता दें, प्रभास और श्रुति हासन की यह फिल्म 28 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

प्रोड्यूसर विजय ने बताया था कि वह केजीएफ फ्रेंचाइजी को मार्वल यूनिवर्स की तरह विकसित करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, हम अलग–अलग फिल्मों से रोचक किरदारों को साथ लाकर डॉक्टर स्ट्रेंज जैसी यूनिवर्स क्रिएट करना चाहते हैं। जैसा स्पाइडरमैनः होमकमिंग में या फिर डॉक्टर स्ट्रेंज में हुआ था, ताकि हम आसानी से और कम समय में अधिक दर्शकों तक पहुंच सकें।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com